CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पंचम नवरात्र देवी मां स्कंदमाता**



वर्ष- 43 | अंक -147 | राजनांदगांव, शनिवार 13 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## 'दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना असवैधानिक, क्योंकि...', आप नेता ने समझाया गणित



नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से भारतीय जनता पार्टी उनपर सीएम पद से इस्तीफा देने का दबाब बना रही है। अब अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने आशंका जाहिर करते हुए कहा कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि हमें विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने वाली है। इसके संकेत इस बात से मिलते हैं कि दिल्ली में पिछले कई महीनों से किसी भी आईएएस अफसर की पोस्टिंग नहीं हो रही है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में कई विभाग खाली हैं। बावजूद इसके दिल्ली के अंदर किसी भी अफसर की नियुक्ति नहीं की जा रही है। दिल्ली के उपराज्यपाल पिछले एक सप्ताह से बार-बार गृह मंत्रालय को बिना किसी कारण दिल्ली सरकार को लेकर पत्र लिख रहे हैं।

अब इस मामले पर आम आदमी पार्टी प्रवक्ता प्रियंका कक्कर ने कहा है कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना असंवैधानिक होगा क्योंकि अरविंद केजरीवाल की सरकार ने इसी साल फरवरी महीने में उन्होंने फ्लोर टेस्ट के दौरान बहुमत साबित किया था। विश्वास प्रस्ताव रखते हुए उस वक्त सीएम केजरीवाल ने कहा था, मेरे पास आम आदमी पार्टी के दो विधायक आए और दोनों ने यही बात कही कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लेंगे। हमने 21 विधायकों को मनवा लिया है। 25 करोड़ रुपये देंगे और अपनी टिकट से चुनाव लडवा देंगे। हमें पता चला कि विधायकों को इन्होंने (बीजेपी) संपर्क किया है। यह कई ऑपरेशन लोटस कर चुके हैं। हमारी जानकारी के हिसाब से सभी 21 विधायकों ने उन्हें मना कर दिया।

प्रियंका ने आगे कहा, नरेंद्र मोदी पिछले 10 साल से दिल्ली में रह रहे हैं लेकिन दिल्ली नहीं जीत पा रहे। दिल्ली सरकार जनता को मुफ्त बिजली-पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं, महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा दे रही है। दूसरे राज्यों और विदेशों से लोग दिल्ली में इलाज कराने आ रहे हैं। भाजपा इसे अपने राज्यों में लागू नहीं कर पा रही। केंद्र की भाजपा सरकार अरविंद केजरीवाल की सरकार के जनहितकारी कामों में अड़ंगे लगा रही है। हमारे नेताओं को गिरफ्तार कर रही है। इसके बाद अब केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना चाहती है। बता दें कि विश्वास प्रस्ताव सरकार द्वारा पेश की जाती है। इसे पास करने के बाद अविश्वास प्रस्ताव विपक्ष द्वारा 6 महीने के अंतराल पर ही लाया जा सकता है। फरवरी महीने में ही केजरीवाल सरकार ने विश्वास प्रस्ताव पास कर लिया था।

### बीजेपी क्या बोली

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने आरोपों का जवाब देते हुए कहा, 'अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाई कोर्ट से फटकार लगने के बाद और आतिशी को मानहानि नोटिस मिलने का प्रभाव आप नेताओं के चेहरे पर और उनके बयान में देखा जा सकता हैं। आम आदमी पार्टी 60 से ज्यादा विधायकों वाली पार्टी है जिसे पर्याप्त बहुमत प्राप्त है। आतिशी काल्पनिक कहानियां गढ़ने में माहिर क्यों हैं? उन्होंने कहा, आप को इस बात का डर है कि कहीं 60 से ज्यादा विधायक उनका साथ न छोड़ दें, लेकिन ये उनका डर है, बीजेपी का इससे कोई लेना-देना नहीं है।'

## कांग्रेस 'गारंटी' की नकल कर रही है भाजपा :मल्लिकार्जुन खड़गे



कलबुर्गी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कथित रूप से कई राज्यों में लागू की गई कांग्रेस की गारंटी की नकल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की तीखी आलोचना की।

श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मोदी की गारंटी' के नारे का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए भाजपा के आश्वासनों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, आपकी (भाजपा की) गारंटी क्या है? अब वह (मोदी) 'मोदी की गारंटी' कहते घूम रहे हैं। वह हमारी नकल कर रहे हैं। हमारे पास गारंटी योजनाएं हैं जिन्हें कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकारों ने लागू किया है। आपकी (भाजपा की) गारंटी कहां है? हमें बताएं। श्री खड़गे कलबुर्गी लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार राधाकृष्ण डोड्डामणि के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने श्री मोदी को चुनौती दिया कि वह अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की शपथ लें और बताएं कि क्या उनकी पार्टी ने अपने घोषणापत्र में किए गए वायदों को पूरा किया है, जैसे कि रोजगार सृजन, किसानों की आय दोगुनी करना और नागरिकों के बैंक खातों में 15 लाख रुपये जमा करना आदि। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कर्नाटक के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने में विफल रही है और उस पर महंगाई और भ्रष्टाचारी-दागी लोगों को भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने और केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का हवाला देते हुए गरीबों पर अत्याचार करने का आरोप लगाया।

श्री खड़गे ने इंडी गठबंधन के लिए समर्थन की एक अंतर्निहित अंतर्धारा का उल्लेख किया, बावजूद इसके कि यह स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने मोदी के व्यापक दौरों को इस अंतर्धारा का मुकाबला करने की कोशिश के रूप में व्याख्या की। कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा नेतृत्व, विशेष रूप से मोदी और अमित शाह पर आरोप लगाया कि वे भ्रष्ट लोगों को सफेदपोश बनाने के लिए अपनी शक्ति का इस्तेमाल कर रहे हैं, भ्रष्टों को नहीं माफ करने के वादे के बावजूद जिन्हें उन्होंने अपनी पार्टी में शामिल किया है।

## जब भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को लेकर विदेश मंत्रालय से पूछा गया सवाल तो जायसवाल ने दिया करारा जवाब...



नई दिल्ली। भारत के साथ रिश्ते सुधारने को लेकर पाकिस्तान की नई सरकार की तरफ से स्पष्ट तौर पर कोई संदेश नहीं आया है। ऐसे में भारत भी इंतजार करने की रणनीति पर चल रहा है। इस बात की तरफ विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने शुक्रवार को संकेत दिया।

उन्होंने कहा कि हमने पहले भी पाकिस्तान के विदेश मंत्री का बयान देखा है और उसके बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का बयान देखा है। वहां से विरोधाभाषी बातें सामने आ रही है। आपने देखा होगा कि भारतीय पीएम नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री को बधाई संदेश भी दिया है। लेकिन अभी वहां विरोधाभाष दिख रहा है। आगे देखते हैं कि कैसे हालात बनते हैं। जायसवाल से भारत व पाकिस्तान के रिश्तों में सुधार की संभावनाओं को लेकर सवाल पूछा गया था। जायसवाल विदेश मंत्री इशाक दार की तरफ से लंदन में भारत के साथ कारोबारी रिश्ते को सुधारने और उसके बाद विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता की तरफ से इस तरह की किसी भी संभावना से इनकार करने की तरफ इशारा कर रहे थे। दार ने लंदन *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## एयरफोर्स को मिलेंगे 97 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान, डिफेंस मिनिस्ट्री ने एचएएल को दिया 65000 करोड़ का टेंडर



नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय देश में निर्मित 97 एलसीए मार्क 1 लड़ाकू विमानों की खरीद करने वाला है। इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को 65,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत का टेंडर जारी किया है। आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में भारत सरकार की ओर से स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर का अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर होगा। मिनिस्ट्री की ओर से हाल ही में एचएएल को टेंडर जारी किया और उसे इसका जवाब देने के लिए 3 महीने का समय दिया है। अधिकारियों ने बताया कि इससे भारतीय वायुसेना को मिग-21, मिग-23 और मिग-27 जैसे विमानों का रिप्लेसमेंट मिल जाएग। फिलहाल इन विमानों को धीरे-धीरे हटाया जा रहा है, निकट भविष्य में इन्हें पूरी तरह से हटा दिया जाएगा।

### हवा से हवा में ईंधन भरने में सक्षम

अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय और वायुसेना मुख्यालय द्वारा पूरी तरह से स्वदेशी लड़ाकू विमान को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश भर में रक्षा व्यवसाय में लगे छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़ा व्यवसाय देने के लिए ऐसा कदम उठाया जा रहा है। पीएम मोदी भी एचएएल को मजबूत करने पर काफी जोर दे रहे हैं। सरकार ने इस कंपनी को सभी प्रकार के स्वदेशी लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों के साथ-साथ उनके लिए इंजन बनाने का ऑर्डर दिया है। पीएम मोदी ने खुद स्वदेशी लड़ाकू विमान के ट्रेनर वैरिएंट में उड़ान भरी थी, जो किसी भी लड़ाकू विमान में भारत के प्रधानमंत्री की ओर से पहली बार उड़ान थी।

97 और एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट हासिल करने की योजना की घोषणा सबसे पहले वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने स्पेन की विदेशी धरती पर की थी, जब उन्होंने एएनआई को स्वदेशी लड़ाकू विमान ऑर्डर को बढ़ावा देने की मेगा योजनाओं के बारे में बताया था। यह विमान एक्टिव इलेक्ट्रॉनिक स्कैन्ड एरे (एईएसए) रडार, विजुअल रेंज से परे (बीवीआर) मिसाइल क्षमताएं, एक सोफिस्टिकेटेड इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट और हवा से हवा में ईंधन भरने में सक्षम होगा। भारतीय सैन्य बेड़े में इस विमान के शामिल होने से ताकत पहले से कहीं ज्यादा मजबूत होगी।

## भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची से एकनाथ शिंदे और अजित पवार आउट



मुंबई। बीजेपी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजित पवार को महाराष्ट्र में अपने स्टार प्रचारकों की सूची से हटा दिया। बीजेपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत 40 स्टार प्रचारकों की एक संशोधित सूची चुनाव आयोग को सौंपी है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिखकर बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी है। वरिष्ठ नेता शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एससीपी) ने स्टार प्रचारकों की सूची में अन्य दलों के नेताओं के नाम शामिल करने को लेकर बीजेपी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। शरद पवार गुट ने इसे जनप्रतिनिधित्व अधिनियम और चुनाव संहिता का उल्लंघन बताया था। जिसके बाद बीजेपी ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची से शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) दोनों दलों के शीर्ष नेताओं का नाम हटा दिया।

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी के नेतृत्व वाला 'एनडीए' और विपक्षी दलों का 'इंडिया' गठबंधन राज्य में धुआंधार प्रचार कर रहा है। महाराष्ट्र में *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## पीएम मोदी ने आतंकवाद, अनुच्छेद-370, परिवारवाद व राम मंदिर को लेकर विपक्ष को लिया आड़े हाथ



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊधमपुर में शुक्रवार को चुनावी रैली में बिना नाम लिए राहुल गांधी और लालू परिवार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के लोग मुगलिया सोच से हमारी आस्था और श्रद्धा पर बार-बार प्रहार करते हैं। कभी सावन में मटन बनाकर उसकी नुमाइश करते हैं और अब नवरात्र में नॉनवेज खाने का वीडियो बनाकर देश के लोगों को चिढ़ाना चाहते हैं।

बता दें कि हाल ही में नवरात्र से एक दिन पहले मछली खाने का राजद नेता तेजस्वी यादव का वीडियो प्रसारित हो रहा है। इसके अलावा राहुल गांधी का लालू यादव के घर जाकर मटन पकाने का वीडियो भी काफी चर्चा में रहा था। जनआशीर्वाद महारैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों बाद आखिरकार जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद, सीमा पार से गोलीबारी के डर बिना चुनाव हो रहे हैं। आतंकवाद, अलगाववाद, पत्थरबाजी, बंद और हड़ताल इस चुनाव के मुद्दे ही नहीं हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर के बाद राजस्थान पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनाव के समय संविधान के नाम पर झूठ बोलना कांग्रेस और इंडी गठबंधन का फैशन बन गया है। जहां तक संविधान का सवाल है, आज बाबा साहब आंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते। हमारा संविधान सरकार के लिए गीता, रामायण, बाइबल और कुरान है। उन्होंने यह बातें शुक्रवार को राजस्थान के बाड़मेर में भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार शाम को दौसा में रोड शो भी किया।

### कांग्रेस की सोच ही मुगलिया है

प्रधानमंत्री ऊधमपुर में जम्मू व ऊधमपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने आए थे। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## सौम्या चौरसिया की जमानत पर फैसला 16 अप्रैल को



**○ महादेव एप केस में एएसआई चंद्रभूषण की याचिका खारिज**
**○ नितिन पर फैसला रिजर्व**

रायपुर (दावा)। पूर्व डिप्टी सेकरेट्री सौम्या चौरसिया पर जमानत मामले में कोर्ट 16 अप्रैल को फैसला सुनायेगी। कोयला घोटाला केस में जेल में बंद राज्य सेवा की निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर आज कोर्ट में सुनवाई हुई।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने 16 अप्रैल को फैसला सुनाने की बात कही। आपको बता दें कि शुक्रवार को सुनवाई की गई, जिसके बाद कोर्ट ने फैसला 16 अप्रैल तक के लिए सुरक्षित रख लिया। वहीं, महादेव सट्टा एप मामले में नितिन टिबरेवाल की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा है, जिसका फैसला 15 अप्रैल को आएगा। वहीं निलंबित पुलिसकर्मी चंद्रभूषण की जमानत याचिका पर भी सुनवाई हुई और चंद्रभूषण की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। अवैध कोल लेवी मामले में सौम्या को 2 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था, *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस : पूर्व सीएम भूपेश बघेल के करीबियों के यहां एसीबी और ईओडब्लू ने छापा, चल रही छानबीन





रायपुर। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले मामले में एसीबी और ईओडब्लू की टीम ने रायपुर मेयर एजाज ढेबर, अख्तर ढेबर, अनवर ढेबर और जुनैद ढेबर के घर में छापा मारा है। साथ ही एसीबी और ईओडब्ल्यू ने अनवर ढेबर के वेनिंगटन होटल में भी दबिश दी है। आज शुक्रवार को सुबह 6 बजे उनके घर में दबिश दी है। 16 अधिकारी जांच में जुटे हुए हैं। शराब घोटाला मामले में कई अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी हो सकती है।

बता दें कि बीते दिनों गुरुवार को भी एसीबी और ईओडब्लू की टीम ने छापेमारी की थी। इसमें टीम ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबियों के यहां रायपुर और बिलासपुर समेत 21 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान टीम के हाथ 19 लाख कैश, करोड़ों के जेवरात और संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए थे।

### अनवर ढेबर को झटका, सुनवाई की तारीख बढ़ी; एसीबी से मांगा जवाब

एंटी करप्शन ब्यूरो की हिरासत के खिलाफ दायर अनवर ढेबर की याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई ब?ा दी है। मामले पर अब 25 अप्रैल को सुनवाई होगी। ईडी की कार्रवाई के बाद एसीबी द्वारा अनवर ढेबर को हिरासत में लिए जाने के खिलाफ याचिका दायर की गई है। जस्टिस पीपी साहू के कोर्ट में प्रकरण की सुनवाई हुई। अनवर ढेबर के अधिवक्ता ने कोर्ट में कहा कि पूर्व में शराब घोटाला मामले में ईडी ने कार्रवाई की है। ईडी के अधिकारी के गोपनीय पत्र पर एसीबी ने अलग से प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे हिरासत में लिया है। एक ही मामले में अलग-अलग दो कार्रवाई *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने, संविधान की रक्षा के लिए लड़ा जा रहा है : राहुल गांधी



तिरुनेलवेली। तमिलनाडु में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 लोकतंत्र को बचाने और भारतीय संविधान की रक्षा के लिए लड़ा जा रहा है। श्री गांधी ने आज शाम यहां पलायमकोट्टई में इंडिया समूह के उम्मीदवारों के समर्थन में एक जन बैठक को संबोधित करते हुए कहा, ÷मुझे विश्वास है कि हम यह लड़ाई जीतने जा रहे हैं।÷ उन्होंने कहा कि आज भारत में वैचारिक लड़ाई चल रही है। एक तरफ पेरियार के सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता और समानता के विचार और दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के विचार हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एक देश, एक नेता और एक भाषा के हक में हैं। तमिल भाषा किसी भी अन्य भारतीय भाषा से कम नहीं है। देश में कई अलग-अलग भाषाएं, कई अलग-अलग परंपराएं, इतिहास और संस्कृतियां हैं और वे सभी हमारे लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। तमिल के बिना, बंगाली के बिना, हमारे लोगों द्वारा बोली जाने वाली बड़ी संख्या में भाषाओं के बिना कोई भारत नहीं हो सकता।

श्री गांधी ने कहा, हम (कांग्रेस) कहते हैं कि सभी हमारे लोग हैं, हमारी सभी परंपराएं, हमारी सभी भाषाएं पवित्र हैं और वहीं भाजपा कहती हैं कि एक नेता, एक भाषा, एक परंपरा और एक इतिहास होना चाहिए। वायनाड सांसद ने कहा कि भारत आज ब्रिटिश काल की तुलना में अधिक असमान है। आज मात्र 21 भारतीयों के पास देश के 70 करोड़ लोगों से अधिक संपत्ति है। उन्होंने कहा कि देश में 30 किसान हर दिन आत्महत्या करते हैं और फिर भी प्रधानमंत्री उनके ऋण को भूलने के लिए तैयार नहीं हैं, लेकिन वह सबसे अमीर भारतीयों को 16 लाख करोड़ रुपये दे सकते हैं और उनके ऋण भूल सकते हैं। महज दो या तीन बड़े उद्योगपतियों को सारे ठेके, सारे लाभ मिले और हर एक उद्योग उन्हें सौंप दिया गया। जिनमें से कोई भी तमिलनाडु से नहीं आता है। सिर्फ इसलिए कि अडानी मोदी के करीबी हैं और प्रधानमंत्री की मदद करते हैं। इसलिए बंदरगाह, हवाई अड्डे, विद्युत ऊर्जा, *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## उपराष्ट्रपति धनखड़ का बड़ा बयान, कहा- कानूनी कार्रवाई होते ही सड़कों पर उतर जाते हैं लोग



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष को इशारो ही इशारो में कई मुद्दे पर घेरा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक ÷विशेषाधिकार प्राप्त विरासत के लोग÷ उसी कानून के शासन का विरोध कर रहे हैं, जो उन्हें जवाबदेह बनाता है।

धनखड़ ने बिना नाम लिए आप समेत तमाम विपक्षी दलों को घेरा और उन लोगों की आलोचना भी की जो अपने खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू होते ही सड़कों पर उतर जाते हैं। धनखड़ ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में एक परिवर्तनकारी बदलाव देखा गया है, जिसके तहत कानून के समानता की अवधारणा मजबूत हुई है।

### उपराष्ट्रपति ने पुस्तक का किया विमोचन

उन्होंने अपने आधिकारिक आवास पर एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ÷हर कोई कानून के प्रति जवाबदेह है। एक समय था जब कुछ लोग सोचते थे कि वे कानून की पहुंच से परे हैं। धनखड़ के हाल ही में नॉर्थ ब्लॉक के पास नवनिर्मित 'उपराष्ट्रपति एन्क्लेव' में चले जाने के बाद यह पहला कार्यक्रम था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि कानून के सामने सभी के समान होने की अवधारणा का सीधा परिणाम यह हुआ है कि असमानताएं 'अंतर्विष्ट' हो गई हैं।

उन्होंने कहा कि जब कानून अपना काम करता है तो लोगों को कानूनी उपाय अपनाने चाहिए। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, जब कानूनी प्रक्रिया शुरू होती है तो मुझे समझ नहीं आता कि लोग सड़कों पर क्यों उतरते हैं... हमें सड़कों पर नहीं उतरना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय न्यायिक प्रणाली मजबूत, कुशल और निडर है और जिन लोगों को लगता है कि उनके साथ अन्याय हुआ है, उन्हें अदालतों का रुख करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। हर कोई कानून के प्रति उत्तरदायी है, कानून के प्रति जवाबदेह है। आप कानून से बच नहीं सकते।'





CMYK

# नरेंद्र मोदी के ऊपर महंत का अपशब्द कहना लोकतंत्र के ऊपर हमला - कोमल सिंह राजपूत

## कांग्रेस ने सदैव सनातनियों को दोयम दर्जे पर रखा



राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस नेता चरणदास महंत द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर लगातार दूसरी बार अपशब्द कहने वाले बयान पर पलटवार करते हुए किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि यह लोकतंत्र पर हमला है।

उन्होंने कहा कि देशभक्त प्रधानमंत्री जिन्होंने देश की सेवा में 18-18 घंटे कार्य करते हुए एक दिन भी छुट्टी नहीं ली, जिन्होंने भारत के इतिहास के 500 वर्षों में जो नहीं हुआ, वह पूरा करके एक कृतिमान बनाया है। ऐसे देशभक्त नेता पर दूसरी बार अपशब्द कहने पर इसे कांग्रेस का सुनियोजित षड्यंत्र के तहत टूलकिट का हिस्सा बताया है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में चरण दास महंत ने मोदी जी के सिर पर लाठी करने और चीन भेजने की बात की और जिसका प्रतिउत्तर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्तर की सभा से दिया, परंतु उसके एक दिन बाद पुनः देश के प्रधानमंत्री पद को डिफाल्टर कहना, कहीं ना कहीं कांग्रेस की साजिश को दर्शाता है।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री राजपूत ने कहा कि लगातार 10 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में देश ने मोदी की सभी गारंटी पुरी की है और उनकी गारंटी पर विश्वास के कारण ही छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा को पुनः अवसर प्रदान किया है, और मात्र 100 दिनों के कार्यकाल में विष्णुदेव साय ने अपने वायदे पूरे किए हैं, इसलिए अब कांग्रेस के पास कोई ठोस नीति या कहने को कोई शब्द नहीं बचा है, इसलिए कांग्रेस और उसके नेता बौखला कर उटपटांग बयान बाजी देकर जनता को भ्रमित करने का घिनौना कार्य कर रहे हैं। श्री राजपूत ने कहा कि स्वयं भूपेश बघेल सार्वजनिक मंच से कह रहे हैं कि भाजपा 400 पार हुई तो संविधान बदल देगी, उनकी इस बात का उपहास उडाते हुए राजपूत ने कहा कि देश के संविधान को खिलौना समझकर, उससे खेलने का कांग्रेस का इतिहास रहा है। चाहे धारा 370 हो या राम मंदिर का विषय हो, सभी में कांग्रेस ने देश की जनता एवं लोकतंत्र का लगातार मजाक उड़ाया है। भाजपा पर धर्म की राजनीति करने वाले तथा तथाकथित बयान पर राजपूत ने पलटवार करते हुए कहा कि 80 के दशक में केरल में होने वाले आम चुनाव में प्रभु यीशु मसीह के हाथ चुनाव चिन्ह का आशीर्वाद देने वाली मुद्रा का सार्वजनिक पंपलेट में प्रदर्शन किया गया, तब से लेकर अब तक कांग्रेस ने तथा कथित धर्मनिरपेक्षता की आड़ में गंदी राजनीति की है और सदैव ही सनातन को कांग्रेस ने दोयम दर्जे पर रखा और तो और भूपेश बघेल ने राजनांदगांव में दिए गए बयान में विष्णु को भ्रष्टाचार का भोग लगा रहे, शब्द कहकर सनातन धर्म का उपहास करने की गहरी साजिश रची है, उन्होंने कहा कि अब सनातनी जाग चुका है और आने वाले चुनाव परिणाम 4 जून को छत्तीसगढ़ की जनता सजग एवं सावधान होकर कांग्रेस को करारा जवाब देगी और जनता ही बताएगी कि डिफाल्टर कौन है।

# मोदीजी उसलापुर रेलमार्ग से राजनांदगांव को जोड़े - डी.सी.जैन



राजनांदगांव (दावा)। श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डी.सी.जैन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ई-मेल से एक मांग पत्र प्रेषित करते हुए राजनांदगांव को नए रेलमार्ग उसलापुर से जोड़ने की मांग की है। पीएम मोदी जी को प्रेषित पत्र में राजनांदगांव शहर की स्थिति, उसके व्यावसायिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक महत्व की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया गया है कि राजनांदगांव के प्रबुद्ध नागरिकों एवं समाजसेवी संस्थाओं द्वारा विगत 25 वर्षों से राजनांदगांव को जबलपुर, मोहला, पानाबरस एवं दल्लीराजहरा को रेलमार्ग से जोड़ने तथा विकास की धारा बहाने हेतु केंद्र शासन से मांग की जाती रही है।

उसलापुर से राजनांदगांव को कवर्धा, छुईखदान, खैरागढ़ होते हुए राजनांदगांव तक नए रेल लाइन का प्रस्ताव रेल मंत्रालय द्वारा बनाया गया था, परंतु खैरागढ़ के पूर्व सांसद देवव्रत सिंह ने इस महत्वाकांक्षी योजना पर पानी फेर दिया। उनके प्रभाव के कारण उसलापुर से बनने वाले रेलमार्ग को खैरागढ़ के बाद डोंगरगढ़ से जोड़ने का प्रस्ताव किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी जी को प्रेषित पत्र में डी.सी.जैन ने रेलमंत्रालय के इस प्रस्ताव से राजनांदगांव शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त निराशा की लहर से मोदीजी को अवगत कराते हुए कहा है कि रेल मंत्रालय का यह निर्णय पक्षपातपूर्ण है तथा राजनांदगांव के साथ घोर अन्याय है, इस पर पुनः विचार किया जाना आवश्यक है। प्रस्तावित रेल मार्ग को राजनांदगांव से जोड़ने के संबंध में अपना पक्ष रखते हुए उन्होंने कहा है कि डोंगरगढ़ से जोड़ने संबंधी निर्णय कई दृष्टि से अविवेकपूर्ण है। राजनांदगांव की आबादी 8 लाख है तथा डोंगरगढ़ की आबादी लगभग 40 हज़ार है। इसका क्षेत्रफल भी डोंगरगढ़ से 10 गुना बड़ा है। डोंगरगढ़ में एक शासकीय कॉलेज है जबकि राजनांदगांव में आर्ट, कॉमर्स, साइंस, इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ आदि 10 कॉलेज संचालित हो रहा है। डोंगरगढ़ रेलवे यार्ड की तुलना में राजनांदगांव रेलवे यार्ड 10 गुना बड़ा है। डोंगरगढ़ में जलपूर्ति साधन का अभाव है जबकि यहां शिवनाथ नदी द्वारा शहर के साथ विभिन्न उद्योगों को जलपूर्ति की जा रही है। इस नगर के रेलवे स्टेशन को अमृत योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है तथा विकास योजनाएं द्रुतगति से जारी है। इस प्रकार सभी दृष्टि से उसलापुर रेललाइन को बजाए डोंगरगढ़ के खैरागढ़ से सीधे राजनांदगांव को जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदीजी को प्रेषित मांग पत्र ई-मेल द्वारा गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विगत 15 वर्षों से राजनांदगांव के विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह को प्रेषित किया है।

उन्होंने डॉ.रमन सिंह से विशेष रूप से आग्रह किया है कि वे प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के समक्ष राजनांदगांव का पक्ष प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करें और प्रस्तावित नई रेललाइन से राजनांदगांव को जोड़ने हेतु उनकी स्वीकृति प्राप्त करें ताकि राजनांदगांव में व्याप्त नैरास्यपूर्ण वातावरण का निवारण हो सकें और उनके मानस पटल पर मोदी जी की न्यायप्रियता की अमिट छाप अंकित हो सकें।

# पहला कॉलम...

## कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में



खुज्जी (दावा)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ श्री भूपेश बघेल खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में आज 13 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल प्रातः 10:00 बजे रामपुर से जनसंपर्क प्रारंभ कर निरंतर शिकारीटोला, महाराजपुर, झितराटोला, मगरघोघरा, कल्लूटोला, पाटेकोहरा, सड़क चिरचारी, भर्रिटोला खोबा, जैतगुंड्रा, पैरिटोला भरीटोला बखरूटोला नदिया कल्लूबंजारी मेटेपार फाफामार भोलापुर में जनसंपर्क करेंगे।

## संतोष पांडे आज खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों में लगातार जनसम्पर्क कर रहें हैं, क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पहले दौर का जनसम्पर्क अभियान पूरा करने के बाद दूसरे चरण में फिर से विभिन्न विधानसभा के बचे हुए ग्रामों में जनसम्पर्क कर रहें हैं। अपने दूसरे चरण में आज दिनांक 13 अप्रैल को खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के छुरिया इलाके के ग्रामों का जनसम्पर्क करेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भाजपा प्रत्याशी सुबह 10:00 बजे ग्राम साल्हेटोला से अपना जनसम्पर्क अभियान प्रारंभ करेंगे फिर वे केसोटोला, कल्लू बंजारी, टिपानगढ़, घोटिया, आलीवार, कोलिहा लमती, पठानढोड़गी, बेलरगोंदी, गहीराभेड़ी, शिकारी महका, कोर्रामटोला, जरहा महका, झीथराटोला, शिकारीटोला, महराजपुर, रामपुर, लालूटोला होते हुए डुमरडीह में अपने अभियान का समापन करेंगे।

## कल डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल दिन रविवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने कहा है।

## सामान्य प्रेक्षक और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण

बालोद (दावा)। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्री एमटी रेजू और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की उपस्थिति में आज संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई।

# पत्नी और बेटी भी उतरी चुनावी मैदान में



### धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल व बेटी स्मृता बघेल का धुआंधार जनसंपर्क

खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव में खैरागढ़ विधानसभा के ग्राम चारभांठा, तेंदुभाठा, जोम में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के पक्ष में प्रचार-प्रसार करते हुए, उनकी धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल व पुत्री स्मृता बघेल साथ में क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा एवं कांग्रेस के पदाधिकारीगण गांव-गांव डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर रहे हैं और आने वाले शुक्रवार 26 अप्रैल को पंजा छाप में बटन दबाकर अधिक से अधिक वोटों से विजयी बनाने अपील कर रहे हैं।

# बजरंगपुर नवांगांव में कर्मा जयंती मनाई गई



### प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। बजरंगपुर नवांगाव वार्ड में नगर इकाई साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयन्ती बडी धूमधाम से मनाई गई। सुबह बाईक रेली वार्ड भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल में पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी, समाज के संरक्षक जागेश्वर साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष अनिल साहू एवं विशेष अतिथी पार मुखियागण थे।

अतिथियों एवं सामाजिक सदस्यों ने पूजा अर्चना किये तत्पश्चात् सामाजिक पदाधिकारियों का ससम्मान किया गया। इसके बाद अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा कक्षा दसवीं में प्रथम कु. मीनाक्षी साहू पिता हेमूराम साहू, दितीय कुलदीप साहू पिता रामकुमार साहू, तृतीय कु. लक्ष्मी साहू पिता राजेश साहू, कक्षा 12वीं में प्रथम वेदप्रकाश साहू पिता स्व. एकनाथ साहू, द्वितीय कु. तामेश्वरी साहू पिता सोनदास साहू आने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को एवं बीएसएफ में चयन होने पर मुरलीधर साहू पिता अनिल साहू, दीपक साहू पिता धन्नू लाल साहू एवं शिक्षक पद पर चयन होने पर विजेन्द्र साहू पिता मनोज साहू, श्रीमती प्रतिभा साहू पति रूपेश साहू, मानवी साहू पिता मिलन साहू को जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर, तैराकी में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर किरण साहू पिता नरसिंह साहू को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद व्यापारिक प्रकोष्ठ द्वारा कलिन्दर फल वितरण किया गया।

फिर हरी कृष्ण मानस परिवार डुन्डेराद्वारा मानस गान की प्रस्तुति दि गई। अन्त में महाप्रसादि खिचडी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन उपाध्यक्ष सुरेन्द्र साहू ने किया कार्यक्रम में संरक्षक तोरण साहू, घन्सू साहू, विजय साहू टिलेश्वरी साहू, राजेश्वरी साहू, कौशिल साहू, मोहनी साहू, लीला साहू, नर्मदा साहू सचिव अनुप साहू, कोशाध्यक्ष कामता साहू उपाध्यक्ष थानू राम साहू, संगठन प्रमुख दुलेश्वर साहू, सहसचिव लोकेश्वर साहू मिडिया प्रभारी योगेश साहू पारमुखियागण- गोपाल साहू, शंभू राम साहू, लेखराम साहू, नन्दलाल साहू, नारद साहू, प्रेमलाल साहू, कुलेश्वर साहू, डोमन साहू, हिरासिंग साहू, महिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा साहू, उपाध्यक्ष-गोदावरी साहू, सचिव लक्ष्मी साहू, संगठन मंत्री-चित्ररेखा, कोषाध्यक्ष-शोभा साहू, युवा संगठन, अध्यक्ष-खिलेन्द्र साहू सचिन साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकेष्ठ संयोजक - लेखराम साहू सहसंयोजक मिलन साहू कूलेश्वर साहू नर्मदा साहू सचिव रूपचंद साहू व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक जयेश साहू सहसंयोजक सावन साहू सचिव हितेन्द्र साहू भवन प्रभारी रामकृष्ण साहू शंभू राम साहू आयोजन समिति कोषाध्यक्ष नारायण साहू रूपलाल साहू सहित समस्त सामाजिक बन्धूओं का सहयोग रहा।

# मेक इन इंडिया से भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा - खूबचंद पारख



### कोविड काल के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बड़ी - उत्तम गिड़िया, राजा माखीजा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के मंडल स्तर पर सम्मेलनों की श्रृंखला शुरू हो चुकी है। जिसके तहत आज समुदाय भवन मोहला में व्यापार प्रकोष्ठ का बृहद सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में लोकसभा चुनाव के सह समन्वयक खूबचंद पारख, लाभचंद बाफना, उत्तम गिड़िया एवं राजा मखीजा सहित बड़ी संख्या में मोहला मानपुर के व्यापारी बंधु उपस्थित थे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार खूबचंद पारख में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी योजना लागू की वह पूरे देश में अंतिम व्यक्ति तक सफलता के साथ पहुंची है, और जिसका असर भी जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया के नारे के साथ मोदी जी का आह्वान पूरे देश में भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने छोटे-छोटे परिवर्तनों से आम आदमी का जीवन बेहतर किया है, मेक इन इंडिया के तहत लघु उद्योग एवं स्वदेशी उत्पादकों का गर्व से सीना चौड़ा हुआ है, आज कोई भी उत्पादक गर्व के साथ व्यापार करता है और भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में इन छोटे-छोटे लघु उद्योगों का बहुत बड़ा हाथ है। खूबचंद पारख ने कहा कि मोदी जी ने मुद्रा लोन के तहत ठेला, खोमचा,पान ठेला, होटल, व्यवसाय जैसे छोटे रोजगार करने वालों पर भरोसा करते हुए मुद्रा लोन से उन्हें जोड़ा है। कौशल उन्नयन योजना के तहत हुनरमंद लोग जैसे लोहार, मोची, धोबी और नाई, जैसी कला को भी सम्मान के साथ जोड़ते हुए उन्हें प्रशिक्षण देकर तीन लाख रूपये तक का लोन दिया जा रहा है। आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराकर उनकी आय को बढ़ाने में मोदी जी की नीति मददगार रही है, भारत की अर्थव्यवस्था की तेजी से बढ़ोतरी इन छोटे-छोटे प्रयासों से हुई है, जिसके कारण आज चीन छोड़कर सभी बड़ी कंपनियां भारत में अपना उत्पादन शुरू कर रही हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज का प्रमुख केंद्र होता है इसलिए सरकार की अच्छी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में व्यापारी एवं भूमिका निभाते हैं, उन्होंने मोदी जी के कंधे को मजबूत करते हुए संतोष पांडे को सर्वाधिक मत प्राप्त हो सके, इस हेतु सभी व्यापारियों को आह्वान किया कि जितने भी ग्राहक एवं परिचित लोग संपर्क में आए, उन्हें इस बार 400 पार के बारे में निवेदन जरूर करे।

बैठक में पहुंचे पूर्व विधायक पूर्व लाभचंद बाफना ने कहा कि पूरे विश्व के देशों ने कोविड काल के बाद अपनी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ा है, परंतु एकमात्र देश भारत है, जिसने पूरे विश्व के देशों की कोविड काल में टिकों के माध्यम से मदद की और आज भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, इसके पीछे मोदी की स्पष्ट सोच रही है। व्यापारिक सम्मेलन में प्रभारी उत्तम गिड़ीया एवं राजा माखीजा ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी ने ना खाऊंगा ना खाने दूंगा नारा दिया था। जिसके तहत उन्होंने लोगों के जनधन खाता खोलकर आधार एवं मोबाइल से जोड़ दिया, ताकि सरकारी योजनाओं का सीधा फायदा आम आदमी को मिल सके, ऐसी पारदर्शी सरकार का कार्य आज जनता ने भी सराहा है, और पूरे देश का आशीर्वाद भाजपा को मिलने जा रहा है। कांग्रेस के शासन काल में केंद्र से चला 100 रुपए जब गरीब आदमी तक 15 पैसा पहुंचता है,परंतु पूरा 100 रूपए का 100 देने का कार्य देश के प्रधानमंत्री मोदी ने किया है, इसलिए ऐसे पारदर्शी प्रधानमंत्री को तीसरी बार चुनने के लिए 26 अप्रैल को अपना कधेमती वोट जरूर देवे। सम्मेलन में प्रमुख रूप से खूबचंद पारख,लाभचंद बाफना, संजीव शाह, मदन साहू, राजा माखीजा, उत्तम गिडिया, सुश्री कंचनमाला भुआर्य, सागर गोलछा, मोहन जैन, उमाकांत बाजपाई, विकास जैन, ओमप्रकाश चांडक, श्रीराम शर्मा, विजय जैन, अनिल गुप्ता, सचिन जैन, पवन गुप्ता, योगेन्द्र सिगने, रतनलाल तारण, पंकज गुप्ता, डॉ. शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# घर-घर जनसंपर्क हेतु कार्यकर्ता सक्रिय हुए



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा दक्षिण मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा आज नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर जनसंपर्क कर आम जन के बीच जाकर भाजपा के कमल फूल निशान के लिए समर्थन मांगा गया एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एवं प्रदेश की विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा जनहित के लिए किए गए कार्यों से जनता को अवगत कराया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई।

जानकारी के अनुसार भाजपा दक्षिण मंडल के कार्यकर्ता, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, पार्षद गणों ने आज अपना जनसंपर्क अभियान दुर्गा चौक से प्रारंभ कर सहदेव नगर, बैगा पारा, राजीव नगर, ब्रह्मा देव चौक से लेकर मदरसा चौक एवं संजय नगर से वापस दुर्गा चौक तक घर-घर जाकर भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे का पांपलेट देकर कमल फूल निशान के लिए वोट देने का आग्रह किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पारुल जैन, मधु बैद, कोमल सिंह राजपूत, तरुण लहरवानी, गोलू गुप्ता, प्रखर श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता अग्रहरि, आशीष डोंगरे, शरद सिन्हा, सी.वर्मा, संतोष निर्मलकर, कन्हैया लाल स्वामी, संतोष गुप्ता, संतोष साहू, मिथिलेश्वरी वैष्णव, एकता अग्रहरि, सुनीता यादव, सविता बोस, रेनू सूर्यवंशी, छाया तिवारी, संगीता मिश्रा, दुर्गा साहू, संतोष गुप्ता, पप्पू सोनकर, प्रकाश मारकंडे, सुषमा साहू, मंजू साहू, दिनेश साहू, साक्षी भाटिया, देववती साहू, कुसुम साहू, दुर्गा साहू, चंद्रिका साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कल डोंगरगढ़ में एनबीआईएस बोरी स्कूल की टीम उपलब्ध



राजनांदगांव (दावा)। जिले के ख्याति प्राप्त संस्था नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल-बोरी द्वारा पालकों के आग्रह पर डोगरगढ़ से सीधे बस सेवा प्रारंभ की जा रही है। जो कि डोंगरगढ़ से मुसरा होते हुए सीधे बोरी-स्कूल के लिए प्रदान की जा रही है।

अतः 14 अप्रैल, दिन-रविवार को पालक जो अपने बच्चों की अच्छी पढ़ाई हेतु एनबीआईएस-बोरी में एडमिशन कराने के इच्छुक हैं कृपया वे पालक (एनबीआईएस-बोरी स्कूल 9691407311) दिए गए नंबर पर कॉल कर अपने पाल्य का रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। ज्ञात हो कि पहली बार डोंगरगढ़ से बोरी-स्कूल के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है एवं ओपनिंग ऑफर के अंतर्गत शुल्क में विशेष रियायत दी जा रही है। बच्चों की पढ़ाई हेतु शहर के उच्च शिक्षित शिक्षकों की टीम के मार्गदर्शन में आपके पाल्य को पढ़ाया जाएगा।

इस स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल की सुविधाएं प्रदान की जा रही है साथ ही साथ मैस की भी व्यवस्था स्कूल में उपलब्ध है। उपरोक्त जानकारी स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी ने दी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 202404040921000024
अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिकागण (1) अंशु अग्रवाल पति नितिन कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल (2)प्रीति अग्रवाल पति विपुल कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल दोनों निवासी पटेल वार्ड नंबर 17 मेन रोड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदकगणो के द्वारा शैल शर्मा पति राजेश कुमार शर्मा, जाति ब्राम्हण निवासी मकान नंबर 135 खुटापारा वार्ड नंबर 1 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव व अन्य स्वामित्व की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में स्थित शीट क्रमांक 6 भूखण्ड क्रमांक 2030/2 (3) क्षेत्रफल 1996''58'' वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रयपत्र के द्वारा दिनांक 21/02/2024 को क्रय/विक्रय किया हूं। आवेदक उक्त भूमि को क्रय करने के बाद अपने नाम से नामांतरण करवाना चाहते है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 03/05/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

क्रं./.....प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव दिनांक...../04/2024

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक युगल किशोर ठाकुर पिता हेमलाल ठाकुर निवासी ग्राम पैरी, तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम बम्हनी, पटवारी हल्का नंबर 27, खसरा नंबर 39/3 रकबा 0.1620 हेक्टेयर के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत कॉलोनाईजर लायसेंस सहित आवेदन पत्र/ शपथ पत्र/ खसरा बी-01/ नक्शा/ ऋण पुस्तिका की प्रति/ पंजीयन बैनामा/ नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 19/04/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.), राजनांदगांव**

**NAME CHANGE**

On behalf of the deponent, I present the following sworn statement that:- 1/ That I know the name and address of the deponent as above. 2/ That the name of the affiant is recorded as AMAR VISHWAS in the 10th marksheet of his son,Whereas in Aadhar Card, PAN Card and Voter ID, Amar Biswas is true and correct. 3/ That due to the name of the affiant being written as AMAR VISHWAS in the mark list, he isfacing problems in government and semi-Government work. 4/ That, AMAR VISHWAS and AMAR BISWAS are the name of the same Person, The name of the Deponent should be Recorded and marked as AMAR BISWAS.

Amar Biswas
S/O Late Manindranath Biswas resident of village and post Khobha, Tehsil - Churia Dist.- Rajnandgaon (C.G)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा वास्तविक नाम अमर बिस्वास (AMAR BISWAS) आ. स्व. मनिन्द्रनाथ बिस्वास है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं वोटर आई.डी. में दर्ज है। केवल मेरे पुत्र की 10वीं के अंकसूची में मेरा नाम अमर विश्वास (AMAR VISHWAS) लिखा होने के कारण शासकीय/अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। अंकसूची में मेरा नाम अमर विश्वास विलोपित कर मेरा सही नाम अमर बिस्वास (AMAR BISWAS) दर्ज व लिखा पढ़ा जावे।

अमर विश्वास (AMAR VISHWAS) और अमर बिस्वास (AMAR BISWAS) एक ही व्यक्ति का नाम है।

दिनांक-12/04/2024

**शपथकर्ता**
**अमर बिस्वास**
**आ. स्व. मनिन्द्रनाथ बिस्वास**
**ग्राम व पोस्ट खोभा**
**तहसील छुरिया**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-2-4
600-6 347-4
राजधानी
3-5-9
136-0 345-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
सत्य कथानक पर आधारित
बोनी कपूर कृत
मैदान
कलाकार - अजय देवगन, प्रियामणि, कीर्ति सुरेश, बोमन ईरानी, गजराज सिंह आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
11th April To 14th April 2024
silver SCREEN



Bade Miyan Chote Miyan - 11:30am, 03:15, 06:15 and 09:30 pm




Maidaan - 11:45am, 02:30, 06:00 and 09:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# गांधी परिवार का षड्यंत्र और देश का भविष्य देखकर मतदान करें - संतोष पांडे

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे ने आज अपने जनसम्पर्क दौरे में कहा कि कांग्रेस को वोट देना मतलब लोकतंत्र को कमजोर करना होगा, क्योंकि कांग्रेस की सोनिया और राहुल गांधी का परिवार देश को तोड़ने व बांटने में लगे हुए हैं, गांधी परिवार ने लोकतंत्र की पहली हत्या तब की जब सरदार वल्लभभाई पटेल और नेहरू के सार्वजनिक चयन में नेहरू को एकमात्र वोट मिला था, परंतु देश का दुर्भाग्य की नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया और जो लोग कांग्रेस में रहकर देश के लिए कुछ करना चाहते हैं उन्हें सुनियोजित षड्यंत्र के तहत रास्ते से हटा दिया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की मृत्यु के बाद कांग्रेस मुख्यालय का गेट नहीं खोला गया था। अहमद पटेल, सोनिया गांधी ने यह कहते हुए गेट नहीं खोला कि चाबी गुम हो गई है। इतना ही नहीं, भारत रत्न नरसिम्हा राव के शव का अंतिम संस्कार दिल्ली में करने की इजाजत तक न मिली। हार कर हैदराबाद ले जाकर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इतना तुच्छ व्यवहार करने वाला यह परिवार किस मुंह से संस्कारों की बात करता है। सीताराम केसरी के साथ क्या हुआ था। तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को विदेश में साजिश के तहत मारा गया था और उनके शव का बगैर पोस्टमॉर्टम किए अंतिम संस्कार कर दिया गया। आखिर, पोस्टमॉर्टम से किसे डर लग रहा था। देश को सच्चाई जानने से क्यों रोका गया। लालबहादुर शास्त्री जिंदा होते तो भारत की तस्वीर अलग होती। भ्रष्टाचारियों और दलालों पर लगाम लग जाती। सबसे बड़ी नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री न बनती। इस सबने साजिश के तहत शास्त्री जी को मौत की जांच नहीं होने दिया। देश का एक प्रधानमंत्री विदेश में साजिश के तहत मारा जाता है और लोग चुप्पी साध लेते हैं, जैसे कुछ हुआ ही न हो। 1962 में चीन से बुरी हार, नेहरू की मृत्यु और शास्त्री जी का प्रधानमंत्री बनना। अमेरिका से मिले अत्याधुनिक हथियारों के दम पर पाकिस्तान ने चीन की शह पर भारत पर आक्रमण किया था, लेकिन ठिगने कद के शास्त्री जी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को छठी का दूध याद करा दिया। भारतीय सेना लाहौर तक पहुंच गई थी। शास्त्री जी के निजी चिकित्सक की दिल्ली के करनाल बाइपास में ट्रक से कुचलकर हत्या कर दी गई,



ताकि वो इसका खुलासा न कर दें। वो प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए शास्त्री जी की आकस्मिक मृत्यु का खुलासा करना चाहते थे। 1975-1977 में राजनारायण की अध्यक्षता में शास्त्री जी की आकस्मिक मृत्यु के संबंध में जांच आयोग का गठन किया गया, जिसकी रिपोर्ट राज्यसभा जैसे अतिसुरक्षित जगह से गायब कर दी गई। आरटीआई से प्राप्त सूचना में यह जानकारी हासिल हुई। शास्त्री जी की मृत्यु संदेहास्पद रही है और बगैर पोस्टमॉर्टम शव का अंतिम संस्कार किया जाना अपने आप में संदेह पैदा करता है। इन लोगों ने सुभाषचंद्र बोस को जीते जी मार दिया था। हाल ही में अमेरिका की नामी हस्तलिपि की जांच करने वाली एक एजेंसी ने बताया है कि दरअसल, गुमनामी बाबा ही सुभाषचंद्र बोस थे। संतोष पांडे ने कहा की श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मृत्यु भी संदेहों के घेरे में रही है। वे कश्मीर में एक देश एक झँडा के संबंध में आंदोलनरत थे। इसी तरह कांग्रेस जमाने के रेल मंत्री ललित नाराण मिश्र को समस्तीपुर में बम मार कर हत्या कर दी गई। बिडंवना देखिए कि रेल मंत्री को बम मारे जाने के बाद जिस ट्रेन से पटना ले जाया गया, वह शूटिंग में ही 1.30 घँटे खड़ी रही और रोक-रोक कर पटना ले जाया गया। दानापुर में मृत्यु हो जाने पर उन्हें उतार लिया गया, जबकि समस्तीपुर से दरभंगा मेडिकल कॉलेज की दूरी मात्र 30 मिनट की है। एक रेल मंत्री को इस तरह से दर्दनाक मौत साजिश के तहत हुई। सीबीआई ने 37 सालों तक जांच के नाम पर नौटंकी की और अंत में 4 आनंदमार्गियों को फँसा दिया, जिनका इससे कुछ लेना-देना नहीं था।

श्री पांडे ने आरोप लगाया कि गांधी परिवार ने देश में भ्रष्टाचार और परिवारवाद की नींव डाली और उसे सिंचित किया। देश के पहले घोटाला- जीप घोटाला के आरोपी को नेहरू ने रक्षा मंत्री बना दिया। इसका नतीजा चीन से बुरी हार मिली। नेहरू के भ्रष्टाचार के पौधे को इंदिरा ने खूब सिंचित किया और इसे सरकारी मुहर लगा दी। राजीव गांधी ने भोपाल गैस कांड के आरोपी वारेन एंडरसन को सुरक्षित देश से भगा दिया तो बोफोर्स कांड के आरोपी ओट्टावियो क्वात्रोच्चि को प्रत्यार्पण से लेकर सजा से न सिर्फ बचाया, बल्कि ब्रिटेन के बैंक में जब्त रकम भी निकालने की छूट दे दी। श्री संतोष पांडे ने कहा कि जो कांग्रेसी एवं तथाकथित ऐसी मानसिकता के लोग यह सोचते हैं कि मेरे एक वोट देने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा तो उन्हें यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कांग्रेस को दिया गया एक वोट ऐसे गांधी परिवार को मजबूत करेगा जिन्होंने देश को तोड़ने का लगातार षड्यंत्र किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बार का चुनाव अपने आप में विशिष्ट है जो देश की तकदीर को तय करने जा रहा है इसलिए गांधी परिवार के इतिहास और भारत के भविष्य को देखते हुए आपका वोट बहुत कीमती है, उन्होंने कहा की वोट जरूर दें कमल फूल छाप का बटन दबाए। तभी देश प्रगति की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकेगा। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई।

जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने लालबहादूर नगर मण्डल के अंतर्गत मुँदगाँव, रेंगाकठेरा, डुंडेरा, खल्लारी, बड़े मुढ़पार, जामरी, छोटे मुढ़पार, मुरमुन्दा, राका, चिददो, कल्याणपुर, गाजमर्रा, भोथली, बिच्छीटोला, सेंदरी, ठाकुरटोला, मड़ियान, झिंझारी, खुबाटोला, मक्काटोला, गोविन्दपुर व झंडातालाब आदि ग्रामों में जनसम्पर्क कर चुनावी सभाओं को संबोधित किया इस दौरान श्री पांडे का ग्रामों में अभूतपूर्व स्वागत हुआ आम लोग उन्हें सुनने पहले से मौजूद रहें। श्री पांडे ने महतारी सम्मान कार्यक्रम के तहत सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं को श्रीफल भेंटकर नारी शक्ति को नमन कर उनका सम्मान किया।

## प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा आज क्षेत्र के दौरे पर



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे के प्रचार अभियान को गति प्रदान करने के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आ रहें हैं वे खैरागढ़, राजनांदगाँव तथा डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों मे हिस्सा लेंगे व अनेक स्थानों पर चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

भाजपा मीडिया सेल प्रभारी योगेश दत्त मिश्रा, अशोक लोहिया व अमर लालवानी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गृह मंत्री श्री शर्मा सुबह 11 बजे खैरागढ़ में भाजपा के राष्ट्रीय नेता तथा देश के गृह मंत्री अमित शाह की 14 अप्रैल को प्रस्तावित महती जनसभा की तैयारियों का जायजा लेंगे, तथा पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे फिर वे दोपहर 12 बजे राजनांदगाँव आकर वेसलियन आडिटोरियम में आयोजित चाय पर चर्चा के कार्यक्रम में भाग लेंगे इस आयोजन की जिम्मेदारी युवा मोर्चा के आलोक श्रोती, गोलू सूर्यवंशी, प्रखर श्रीवास्तव, सज्जन सिंह व जितेंद्र साहू को दी गई है। इसी प्रकार वे शाम 4 बजे डोंगरगाँव विधानसभा के ग्राम बाकल में, शाम 5 बजे ग्राम मचानपार में, शाम 6 बजे ग्राम मारगाँव में तथा रात्री 7 बजे ग्राम रामपुर में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

## संविधान बदलने की साजिश और मुंह से निवाला छीनने का खेल खेल रही भाजपा : भूपेश बघेल

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज अपनी तूफानी जनसंपर्क के दौरान राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में जनसंपर्क करते हुए अपने पक्ष में वोट की अपील की। सभाओं को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने भाजपा को महंगाई बेरोजगारी देने वाली सरकार करार देते हुए कहा कि लगातार आम जनता के साथ 10 वर्षों से भाजपा अन्याय ही रही है, ऐसी जनहित की एक भी योजना नहीं होने के कारण भाजपा अन्याय की पर्याय बन चुकी है। भाजपा अबकी बार 400 का नारा देकर एक बड़ी साजिश देश के साथ करने की मंशा है। 400 पार होने पर उनके द्वारा देश के संविधान जिसमें आम जनता को मौलिक अधिकार प्राप्त हैं, उन अधिकारों से भी वंचित करने का ताना-बाना बुनने का खेल, खेल रही है और तो और केंद्रीय योजनाएं राजनांदगांव में आम जनता के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। भारतमाला परियोजना रायपुर से हैदराबाद एक्सप्रेस वे में 2022 से जमीनों का चिन्हाकन होने के बाद ना तो उनका मुआवजा राशि केंद्र सरकार ने प्रदान की है, यहां तक किसान अपनी जमीन को खरीदी-बिक्री कर पा रहे हैं।

श्री बघेल ने कहा कि बीमारी, शादी सहित अन्य जरूरी कार्य में भी क्षेत्र के किसान पैसे अभाव में हलाकन एवं परेशान है, उसके बाद भी राजनांदगांव के निष्क्रिय सांसद ने



ना तो किसानों की सुध ली और ना ही कोई पहल की, जिससे जनता को राहत मिले। अब तो भाजपा की सरकार

**भारतमाला परियोजना में मुआवजा न देकर आम जनता से कर रहे अन्याय**

आम जनता को मिलने वाली राशन में भी कटौती कर मुंह से निवाला छीनने का काम कर रही है। कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ में थी तो हम प्रति व्यक्ति 7 किलो चावल के मान से देकर जनता को अन्न उपलब्ध करा रहे थे, वहीं भाजपा अब प्रति कार्ड 35 किलो देकर खाद्यान्न में भी कटौती कर दी है। साथ ही साथ महतारी वंदन योजना के नाम पर 3 महीने का राशि भी भाजपा ने न देकर महतारियों के साथ अन्याय करने का काम किया है।

### कांग्रेस जो कहती है, वो करती है

श्री बघेल ने आगे कहा कि कांग्रेस जो बात कहती है, वह करती भी है, जिसका प्रमाण छत्तीसगढ़ में देखने को मिला हमने किसानों को 2500 में धान खरीदने की बात की थी, किसानों का कर्ज माफी की बात की थी और इन दोनों निर्णय में लेने में कांग्रेस ने 2 घंटे का भी समय नहीं लिया था, वहीं आज भाजपा किसानों को नगद काउंटर से भुगतान करने के लिए 3 महीने से अधिक का समय लिया और वही छत्तीसगढ़ सरकार की पहली कैबिनेट में हुए 18 लाख आवास के हितग्राहियों को एक भी पैसा नहीं देकर छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता को अपने जुमलेबाजी में फंसाकर सत्ता प्राप्त की है, यह आम चुनाव नहीं खास चुनाव है और इस खास चुनाव में हमें राजनांदगांव संसदीय सीट से कांग्रेस को जीताकर देश में कांग्रेस की सरकार बनाने का संदेश देना है, ताकि महंगाई बेरोजगारी सहित देश को कर्ज के गर्त में धकेलना वाली भाजपा सरकार को उखाड़ फेंक सकें। जनसंपर्क में राजनांदगांव विधानसभा प्रत्याशी गिरीश देवांगन, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, गोवर्धन देशमुख जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## मतदान के 48 घण्टे पूर्व शुष्क दिवस घोषित, जिले में सभी मदिरा दुकानों को बंद रखने के निर्देश

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गडई जिले में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुष्क अवधि घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा ने आदेश जारी करते हुए कहा है, कि मतदान की तारीख 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले यानी 24 अप्रैल शाम 6 बजे से शुष्क अवधि शुरू होगी और यह 26 अप्रैल को पूरे दिन लागू रहेगी। इस दौरान जिले में सभी देशी मदिरा दुकानें (सीएस2 घघ), विदेशी मदिरा दुकानें (एफएल1 घघ), देशी/विदेशी मदिरा दुकान सीएस2 (घष कम्पोजिट) और एफएल3 होटल बार बंद रहेंगे। उक्त अवधि में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा। शुष्क अवधि का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एनबीआईएस में आर्ट आफ लिविंग की कक्षाओं का सफल संचालन



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल , बोरी में पूज्य श्री रविशंकर की संस्था व्यक्ति विकास केंद्र (आर्ट ऑफ लिविंग) द्वारा बच्चों की तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की सीनियर फेकल्टी डा. शैलजा चंद्राकर के निर्देशन में यह कार्य शाला संचालित की गयी। जिसमें 7 से 13 वर्ष के बच्चे उत्कर्ष योग और 14 से 18 वर्ष के बच्चे मेधा योग की शिक्षा ली। आर्ट आफ लिविंग के मेधा एवं उत्कर्ष योग में सिखाये गये सुदर्शन क्रिया के नियमित अभ्यास से बच्चों की याददाश्त सशक्त होगी । शिविर में योग, ध्यान, माइंड मैनेजमेंट, लीडरशिप ट्रेनिंग के अलावा और भी स्किल डेवलप करने का प्रशिक्षण दिया गया । शिविर का मुख्य पार्ट है 'सुदर्शन क्रिया' जो बहुत ही पावर फूल ब्रिथिग टेक्निक है। जिसके प्रतिदिन केवल 25 मिनट के अभ्यास से बच्चों में तनावमुक्त पढ़ाई की आदत पढ़ेगी, फोकस होंगे, रिलेक्स होंगे, कांफिडेंस बढ़ेगा, बुद्धि का विकास होगा जिससे वो अपने लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। बच्चे अपने अंदर का डर, गुस्सा, तनाव सबको नियंत्रित कर पाएंगे। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ताकि बच्चे स्कूल में रिलेक्स होकर पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई पर ध्यान लगाये।

शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के सहभागी शिक्षकों ने योगदान दिया, जिसमें अमन बेलचंदन, ताम्रध्वज चंद्राकर, वैशाली बड़े, बोइटा। मध्यप्रदेश के प्रथम आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक हरजीत सिंह सहोता का बहुमूल्य योगदान इस शिविर को मिला। एनबीआईएस शाला परिवार द्वारा आर्ट आफ लिविंग के सभी सम्माननीय सदस्यों का आभार प्रदर्शन किया गया।

## पारख ने बिल्हरी व मुसरा सेक्टर में चुनावी बैठक ली



डोंगरगढ़(दावा)। शुक्रवार को राजनांदगाँव लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा डोंगरगाँव के बिल्हरी व मुसरा सेक्टर की बैठक संपन्न हुई। बैठक लेने पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख़ ने कार्यकर्ताओं से कहा की वे प्रत्येक बुथ में 370 पार के लक्ष्य के साथ पुनः मोदी सरकार बनाने व राजनांदगाँव लोकसभा से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी संतोष पांडेय को भारी मतो से विजयी बनाने के लिए कार्य करें। इसे लेकर रणनीति तैयार की गई।

आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा व संगठनात्मक विषयों पर कार्यकर्ताओं से संवाद करते राजनांदगाँव के लोकसभा के समन्वयक खूबचंद पारख के साथ मुख्यरूप से भाजपा प्रदेश महामंत्री द्वय भरत वर्मा, रामजी भारती, चन्द्रिका प्रसाद डडसेना, मूलचंद लोधी, जयपाल सिन्हा, बोधीराम साहू, गिरवर साहू, महेंद्र वैष्णव, विस्तारक रामनारायण धनकर सहित सभी बूथ के अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

## युवाओं ने विशाल आकर्षक रंगोली एवं दीप जलाकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की

राजनांदगांव (दावा)। मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में युवाओं ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में विशाल आकर्षक रंगोली एवं दीप जलाकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने आरोहण बीपीओ सेंटर टेड़ेसरा के युवाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।

**जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने आरोहण बीपीओ सेंटर टेड़ेसरा के युवाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने युवाओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। युवा वर्ग को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए यह स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के साथ ही नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहा गया। युवाओं ने एक स्वर में इस लोकतंत्र के महापर्व पर अपना योगदान शत-प्रतिशत मतदान करने की सहमति दी।

युवाओं ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 26 अप्रैल 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्भीक और अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना जिले में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। स्वीप कार्यक्रम में युवाओं ने मतदाता जागरूकता के नारे लोकतंत्र के लिए मतदान राजनांदगांव का अभिमान, मोर वोट-मोर अधिकार, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करें मतदान, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से अपने मताधिकार का उपयोग करने का आव्हान किया गया।

## युगांतर में फन फीस्टा का शानदार आयोजन




राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी विभाग के बच्चों की मॉम्स के लिए दो दिवसीय फन फीस्टा का शानदार आयोजन प्रातः 9.30 बजे से हुआ। इस दौरान बच्चों की मॉम्स ने दीप्ति बिंदल पीजीटी कॉमर्स तथा प्रियंका कपूर सामाजिक विज्ञान शिक्षिका के मार्गदर्शन में बेकिंग और आइसक्रीम मेकिंग सेशन के अंतर्गत विविध प्रकार के केक और आइसक्रीम बनाना सीखा। ताजमहल आइसक्रीम बनाने का प्रशिक्षण लिया। यह ज्ञातव्य हो कि यह सभी आइसक्रीम बिना किसी कैमिकल के बनाई गई। इसी तरह बच्चों की मॉम्स के लिए मल्टिपल इंटेलिजेंस पर एक सेमीनार आयोजित हुआ, जिसे विद्यालय की काउंसलर नीलिमा कोठारी ने संचालित किया। उन्होंने सत्र को कई जीवंत गतिविधियों और खेलों के साथ अच्छी तरह से प्रबंधित किया। उन्होंने कहा कि मल्टीपल इंटेलिजेंस सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति के सीखने के तरीके और बुद्धि अलग-अलग होती है, जिसका वे अपने दैनिक जीवन में उपयोग करते हैं। हम इसका उपयोग कुछ भाषाई-आधारित वातावरण (पढ़ने और लिखने) में बहुत अच्छी तरह से कर सकते हैं। यही नहीं हम दूसरों को गणितीय-तर्क आधारित शिक्षा के माध्यम से बेहतर सीख सकते हैं। फिर भी दूसरों को बॉडी-काइनेस्टेटिक इंटेलिजेंस (हाथों से सीखने) से सबसे अधिक लाभ होता है। प्रत्येक व्यक्ति के पास एक सीमा तक बुद्धि होती है, लेकिन वह अपने में पूर्ण रूप से प्रभावशाली होती है। मल्टीपल इंटेलिजेंस पर काम 1980 के दशक की शुरुआत में हॉवर्ड गार्डनर के साथ शुरू हुआ और इसका शोध अभी तक जारी है।

**प्री प्रायमरी के बच्चों की मॉम्स के लिए बहुआयामी आयोजन**

विद्यालय में दो दिवसीय फन फीस्टा का आयोजन सफलतापूर्वक संचालित करने में प्री प्राइमरी की कार्यक्रम प्रभारी शिक्षिका ओजस्वी यादव, सेजल शर्मा, मुस्कान साधवानी, अदिति चौरड़िया, ऋचा मेहरा, कनीज फातिमा, रजनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल को सुसज्जित करने में कला शिक्षक अजय चौरसिया, ज्ञानेश पटेल का अमूल्य योगदान रहा। प्री प्राइमरी के बच्चों की मॉम्स के लिए आयोजित नित नए प्रगति परक इन कार्यक्रमों की सफलता पर संस्था के प्राचार्य डॉ मधु पोनुगोटी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान, ह्यूमैनिटीज के विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्रा, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है। कल प्री प्राइमरी विभाग के बच्चों की मॉम्स के लिए रैम्पवाक और पुल पार्टी का बृहद आयोजन प्रातः 9.30 बजे से रखा गया है। यह आयोजन स्विमिंग पुल रखा गया है। इस आयोजन में वही प्री प्राइमरी की बच्चों की मॉम्स भाग ले सकेंगी, जिनका पूर्व में पंजीयन हुआ है।

## भाजपा के सारे चक्रव्यूह तोड़कर दिल्ली पहुंचेगे भूपेश बघेल - भागवत साहू



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे आम चुनाव में नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार 10 साल के शासनकाल में अहंकार और अत्याचार की सारी सीमा लांघ चुकी है। वह सरकारी मशीनरी ईडी, सीबीआई और आईटी डिपार्मेंट आदि सबका गलत इस्तेमाल कर लोकतांत्रिक संगठनों विशेष कर अपने विरोधी राजनीतिक दलों के नेताओं को टारगेट कर रहे हैं। यह बात जनता अच्छी तरह समझ रही है। देश की पढ़ी-लिखी और समझदार जनता देश में दूषित लोकतंत्र नहीं बल्कि स्वस्थ लोकतंत्र देखना चाहती है। चुंकि भारत का लोकतंत्र विश्व की सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां इस तरह की घृणित करतूत का करारा जवाब देने के लिए जनता को चुनावों का इंतजार रहता है।राजनंदगांव लोकसभा क्षेत्र की जनता भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार हैं उनका अहंकार तोड़ने के लिए कमर कस चुकी है यह छत्तीसगढ़ सहित समूचे देश की सच्ची फिक्र करने वाले राजनीतिक दल कांग्रेस को एक बार फिर मौका लंबे समय बाद देने मन बना चुकी है। भाजपा का अहंकार निश्चित तौर से टूटेगा और वह मजबूत विपक्ष के लायक भी नहीं रहेगी जो 400 सीट का दंभ भर रही है।

**कहा - टूटेगा मोदी सरकार का अहंकार**

श्री साहू ने कहा कि आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भाजपा के लोग इतना डरते हैं कि अब भाजपा को भी भाजपा लिखने से डरने लगे हैं। सीधे-सीधे मोदी परिवार लिख रहे हैं, क्या यह उचित है। कांग्रेस के नेताओं ने कांग्रेस को कभी गांधी परिवार नहीं लिखा है। जो भाजपा परिवारवाद की बात करती है, वह मोदी परिवार लिखने का नैतिक हक भी नहीं है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल की बढ़ती लोकप्रियता को भाजपा नेता पचा नहीं पा रहे हैं। उन पर तरह-तरह के आरोप लगाकर चक्रव्यूह में फंसाना चाहती है। लेकिन श्री बघेल भी कच्चे खिलाड़ी नहीं है। सारे चक्रव्यूह को तोड़कर संसद भवन पहुंचेंगे। राजनंदगांव लोकसभा क्षेत्र पर पूरे देश की निगाहें टिकी हुई है। यहां नतीजा आगामी 4 जून को निकलेगा है। जनता पर पूरा भरोसा है कि केंद्र में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के केन्द्रीय मंत्री बनने से पूरे राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के चारों जिलों राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान, गंडई और मोहला-मानपुर, चौकी का कायाकल्प हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को स्वयं श्री मोदी तो नहीं लेकिन भूपेश बघेल अवश्य पूरा करेंगे। वर्तमान सांसद ने अपने 5 साल के कार्यकाल में कुछ विशेष नहीं किया है। उन्होंने विकास निर्माण के नाम पर रेल यात्रियों को भारी परेशानियों में डाला गया। मालगाड़ियों को आने जाने दिया गया। लेकिन यात्री गाड़ी को विकास के नाम पर कटौती किया। बहुत सारी गाड़ियां अक्सर रद्द होती गई, क्या इसी का नाम विकास है। दूसरा यह की भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे। तब योजनाओं की तारीफ मोदी सरकार ने की है। इसके प्रमाण भी मिल जाएंगे।

## अनमोल दावा

> फल की अभिलाषा छोड़कर कर्म करने वाला पुरुष ही अपने जीवन को सफल बनाता है।

# दुनिया के उत्कृष्ट संस्थानों में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय का बीसवें स्थान पर शुमार होना सुखद

किसी भी शैक्षणिक संस्थान की प्रतिष्ठा इस बात से बनती है कि वह अपने विद्यार्थियों को कितने स्वतंत्र और तार्किक ढंग से सोचने, प्रतिक्रिया देने और नवोन्मेष के अवसर उपलब्ध कराता है। जेएनयू की स्थापना ही शोध और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई थी।

यह शिकायत अक्सर दुहराई जाती है कि हमारे देश के शैक्षणिक संस्थान दुनिया के उत्कृष्ट संस्थानों के बीच जगह बनाने में सफल नहीं हो पाते। मगर इस बार के क्यूएस विश्व सांस्थानिक मूल्यांकन और श्रेणीकरण में वह शिकायत काफी हद तक दूर हो गई है। पढ़ाई-लिखाई के मामले में दुनिया के उत्कृष्ट संस्थानों में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय यानी जेएनयू को बीसवें स्थान पर रखा गया है। उसके बाद भारतीय प्रबंधन संस्थान की अहमदाबाद, कोलकाता और बंगलुरु शाखाओं को क्रमश- पच्चीसवां और पचासवां स्थान मिला है।

जेएनयू का दुनिया के बीस बेहतरीन संस्थानों में शुमार होना इसलिए भी संतोष और सम्मान की बात है कि यह संस्थान पिछले कुछ वर्षों से लगातार दूसरी वजहों से ज्यादा चर्चा में बना रहा है। वह विद्यार्थी संगठनों के बीच हिंसक टकराव, प्रशासन की ज्यादतियों, संकीर्ण नजरिए, भेदभावपूर्ण व्यवहार के आरोपों आदि के चलते अधिक सुर्खियां बटोरता रहा है। इतना कुछ होने के बावजूद वहां पढ़ाई-लिखाई का स्तर ऊंचा बना हुआ है, यह उल्लेखनीय बात है। ,रुस्ह्र क्रश्वङ्क मायावती हुईं एक्टिव! यूपी वेस्ट में धुआंधार तरीके से करेंगी 10 रैलियां, ये रहा पूरा शेड्यूल किसी भी शैक्षणिक संस्थान की प्रतिष्ठा इस बात से बनती है कि वह अपने विद्यार्थियों को कितने स्वतंत्र और तार्किक ढंग से सोचने, प्रतिक्रिया देने और नवोन्मेष के अवसर उपलब्ध कराता है। जेएनयू की स्थापना ही शोध और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई थी। उसके पाठ्यक्रम और पढ़ाई-लिखाई, परीक्षण आदि का तरीका इस तरह बनाया गया कि जिससे विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता और अनुसंधान की प्रवृत्ति विकसित हो सके।

इस मामले में उसका प्रदर्शन निराश करने वाला कभी नहीं देखा गया। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह शैक्षणिक संस्थानों पर राजनीतिक वर्चस्व की कोशिशें बढ़ी हैं, उसमें अनेक संस्थानों की पढ़ाई-लिखाई के माहौल पर बुरा असर पड़ा है। जेएनयू पर भी इसकी छाया स्पष्ट देखी जा रही थी। मगर वहां के विद्यार्थियों और अकादेमिक लोगों ने तमाम उथल-पुथल के बीच भी विश्वविद्यालय के असल उद्देश्य को धूमिल नहीं होने दिया है, तो निस्संदेह इससे उसकी साख और बढ़ी है।

# छत्तीसगढ़ के 36 देवियाँ और लोक आस्थाएं

**मदन मंडावी**



छत्तीसगढ़ की 36 देवियाँ अपने प्राचीनतम इतिहास, पौराणिक कथाओं, किवंदतियों, जनश्रुतियों, स्वप्न दृष्टियों लोकदृष्टियों के साथ लोगों की मनोकामनाएं पूर्ति करती रही है। आज भी लोग इन्हें श्रद्धा विश्वास व बड़े मान्यताओं के साथ पूजते रहे हैं। आइए इनसे जुड़े कुछ तथ्य को जानते हैं -

(1) मां बम्लेश्वरी - यह मंदिर 200 वर्ष पुराना है प्राचीन काल में इसे कामाख्या नगरी, डूंगराख्या डूंगरगढ़ वर्तमान में डोंगरगढ़ के नाम से जाना जाता है। इसका इतिहास कलचुरी कालीन 12वी, 13वीं सदी ईसवी के लगभग का पाया जाता है। राजा वीरसेन कामसेन से संबंधित है। माधवानल, कामकंदला नर्तकी का प्रेम प्रसंग विख्यात रहा। यहां गोंडवाना संस्कृति का छाप वास्तुकला से माना जाता है। चैत्र - क्वांर माह के नवरात्रि में भव्य मेला लगता है। देवी पर्वत पर विराजमान है।

(2)करेला भवानी- यह जिला राजनांदगांव के करेला भण्डारपुर में स्थित है। यहां एक कन्या का दर्शन श्वेत वस्त्र के साथ नारायण सिंह कंवर ने किया था। कन्या गांव से जंगल की ओर चली गई, जाकर देखा तो मोकइया झाड़ी में बैठी मिली देवी ने बातचीत के दौरान मंदिर बनाने की मांग की। बनाने शुरू किया तो उस स्थान पर पाषाण प्रतिमा निकली जिसे भवानी नाम देकर पहाड़ी में स्थापित कर दिया गया। यहां घने जंगल और प्राकृतिक सौंदर्य का सुंदर नजारा है। नवरात्र के दोनों पक्ष में श्रद्धालु जोत जलाते हैं।

(3) चंडी माता बागबहरा - यह महासमुंद जिला के घुंचापाली गांव में स्थित है। माता की प्राकृतिक प्रतिमा विराजित है। बताया जाता है की प्रतिमा हर साल बढ़ रही है, वर्तमान में 9 से 10 फीट ऊंची है यह खुद प्रकट हुई थी। यहां भालू प्रसाद लेने आते हैं देवी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती है।

(4) पाताल भैरवी - राजनांदगांव शहर के मुख्य मार्ग से लगा माता काली के रौद्र रूपी मूर्ति लगभग 15 फीट ऊंची स्थापित किया गया है। इसका निर्माण 4 अप्रैल 1998 को किया गया है यह मंदिर तीन स्तरों पर बना है नीचे प्रथम तल पाताल भैरवी, दूसरा त्रिपुर सुंदरी तीर्थ, तीसरे अंतिम शीर्ष पर शिव की विशाल प्रतिमा स्थापित किया गया है। ऊपर शिवलिंग 108 फीट ऊंचा है बड़ा सा नंदी बैल मंदिर के सम्मुख विराजित है। यहां शरद पूर्णिमा में औषधि युक्त खीर बटता है।

(5) माता खल्लारी ''महासमुंद - मान्यता के अनुसार महाबली भीम और राक्षसी हिडिंबा का विवाह यहां संपन्न हुआ था। इसे भीम खोज के नाम से भी जाना जाता है। लोगों का कहना है पास के एक गुफा में देवी माता की उंगली का निशान है। खल्लारी के बाजार में माता घूमने कन्या रूप में आती थी। यहां सुरम्य और दर्शनीय स्थल है।

(6) मां दंतेश्वरी- दंतेवाड़ा की माता दंतेश्वरी देश भर में काफी विख्यात है। इसे देश का 52वा शक्तिपीठ माना जाता है। इसका निर्माण राजा अन्नमदेव ने करीब 850 साल पहले कराया था। यह डंकिनी शंखिनी नदी के संगम पर स्थित है। यहां बलि प्रथा सदियों पुरानी है, अब सख्त कानून के कारण बंद कर दिए गए हैं। तांत्रिकों का साधना स्थल माना जाता है। यहां आदिवासी बाहुल्य इलाका है। यहां के जनजाति लोग इसे अपना आराध्य कुलदेवी के रूप में भी मानते हैं।

(7) हिंगलाज भवानी - हिंगलाज भवानी देवसागर, भटगांव जिला बलौदा बाजार में स्थित है। इसका संबंध सारंगढ़ के राजा से रहा है। यहां भक्तों की मुरादे पूरी होती हैं। हिंगलाज माता की मुख्य मंदिर पाकिस्तान बलूचिस्तान में है।

(8) मुंगई माता मंदिर- बावनकेरा महासमुंद यह स्थल चारों ओर घने वनों से घिरा वातावरण रमणीय स्थल है। दुर्गा को स्वप्न देवी के रूप में पूजा जाता है, यहां भी घुंचापाली की तरह भालू प्रसाद लेने आते हैं।

(9) चंडी माई ''बिरकोनी - महासमुंद रायपुर से 60 किलोमीटर एक शक्तिपीठ जहां चंडी माता वास करती है ।मां की मूल निवास भोरिंग को माना जाता है। देवी गांव से अपमानित महसूस कर अपने दो बालकों के साथ चली गई, गांव के लोग वापस आने का निवेदन किया तो देवी ने शर्त रख दी जितने कदम आए हो उतने नारियल भेंट कर दो यहां वैसा आज तक नहीं हो सका। माता निः संतानों की सुनी गोद भर्ती है।

(10) रायगढ़ की बूढ़ी माई - नगर देवी बूढ़ी माई करवला तालाब के पास लगभग 150 वर्ष पहले से स्थापित है। पहले यहां भी घना जंगल था। देवी को सात बहनों में सबसे बड़ी बहन मानी जाती है साढ़े आठ एकड़ जमीन पर विस्तारित है। 2012 में यह मंदिर पूर्ण किया गया। इसका संबंध बिहार की बूढ़ी माई से मिलता है। हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल तालाब में मुस्लिम अपना ताजिया विसर्जन करते थे।

(11)मां चंद्रहासिनी - जांजगीर-चांपा जिले की छोटी सी पहाड़ी पर ऊपर विराजित है माता चंद्रहासिनी। चंद्रमा के आकार की मूर्ति है, मैदान में चलती हुई झांकी महाभारत काल को जीवंत तरीके से दर्शाती है। इसकी किवंदतियाँ संबलपुर के राजा से मिलता है। देवी ने चंद्रसेनी राजा को गलती से चोट लगने पर स्वप्न देकर मूर्ति स्थापित करने को कहा। यहां 108 दीपों की पूजा की जाती है।

(12)नाथलदाई - यह मां चंद्रहासिनी देवी की बहन मानी जाती है। यह उनसे एक किलोमीटर की दूरी पर महानदी के तट पर स्थित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार बताया जाता है कि इस जगह माता सती की नथली गिरा हुआ था। इसलिए इसे नाथल दाई के रूप में जाना जाता है।

(13) रायपुर के बंजारी - जिले के बिरगांव, रांवाभाठा नामक स्थान में स्थापित है। यह बंजर जमीन में खुदाई के दौरान सुपारी के बराबर मूर्ति मिली थी। जिसे यहां स्थापित किया गया जिसकी आकृति प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है यह मूर्ति बंजारा जाति के लोगों की कुलदेवी मानी जाती है। 40 वर्ष पहले भव्य मंदिर के रूप में स्थापित हुई।

(14) रतनपुर के महामाया - 12वीं 13वीं शताब्दी में बना यह मंदिर देवी महामाया को समर्पित है। रत्नपुर के कलचुरी के शासन काल के दौरान बनाया गया था ।यहां राजा रत्नदेव ने देवी काली के दर्शन किए थे। मंदिर का निर्माण विक्रम संवत 1552 में हुआ था। यहां देवी रतनपुर राज्य की कुलदेवी है ।यह नागर शैली वास्तुकला में बनाया गया है।

(15) मरही दाई - बिलासपुर कटनी रेल लाइन के पास मरही माता मंदिर है। यहां रेल हादसों से लोगों की रक्षा करती है। रेलवे और वन विभाग के कर्मचारियों ने यह मंदिर मिलकर बनवाया है। साल 1984 में इंदौर बिलासपुर रेल हादसे के बाद बनाया गया यहां मन्नते पूरी होने पर बलि देने की प्रथा है। किंतु नवरात्रि में बली नहीं दी जाती।

(16) अंगारमोती- धमतरी गंगरेल बांध में मछुआरों की जाल में फंस कर निकली थी अंगारमोती। माता का पैर गंगरेल में वही रुद्री के सीताकुण्ड में माता का धड़ स्थापित किया गया है। पुजारी जगदीश राम नेताम के अनुसार मूर्ति को चोर ने चोरी कर बांध में फेंक दिया था। जो बस्तर की धापचावर गांव के माता थी।

(17) बिलई माता विंध्यवासनी - धमतरी शहर की नगर देवी मां बिलाई माता शहर में स्थित है। यहां घना जंगल था। किसी समय में राजा के घोड़े ठहर गए, आगे नहीं बढ़े खोजबीन में पत्थर की दोनों ओर अत्यंत डरावनी बिल्लियां बैठी मिली राजा ने सेना को आदेश देकर भगाने की कोशिश की किंतु बिल्लियां पत्थर के बाहर आने की बजाय वहीं बैठी रही, पत्थर से जलधारा फूट पड़ी प्रयास व्यर्थ रहा। राजा ने पूजा अर्चना कर दूसरे दिन वही देवी की स्थापना करवा दी।

(18) जतमई माता - जिला गरियाबंद में यह देवी विराजित है। इसका मुख्य कारण यहां लोगों द्वारा भगवान पर किए गए अपार श्रद्धा भक्ति है ।यहां मंदिर बाद में बनवाया गया मुख्य रूप से जलप्रपात के लिए जाना जाता है। यहां जलप्रपात माता की सेविका है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरा चैत्र क्वांर में मेला लगता है। यहां स्थानीय ग्रामीणों की आराध्य देवी है।

(19) मां घटारानी - क्षेत्र की डिहवारीन जतमई माता मंदिर से कुछ ही दूरी पर स्थापित है। यह लोगों के पालतू जानवर वस्तु या मनुष्य के खो जाने पर माता को विनती करने पर वापस लौटाती है। लोगों की मन्नतें पूरा करने वाली देवी है।

(20) माता कुदरगढ़ीन - सूरजपुर जिले में यह मां भगवती की तपस्वी स्थल रही है। जहां माता ने शक्ति का रूप धारण कर राक्षसों का संहार किया था। जंगल में खुले स्थान पर वटवृक्ष के नीचे माता बागेश्वरी विराजमान है 18वीं सदी में चौहान राजाओं ने यहां के मूल आदिवासी बैगा जनजाति को देखरेख की जिम्मेदारी सौंपा था।

(21) महामाई सूरजपुर - सूरजपुर से 4 किलोमीटर दूर यहां के लोगों को महामाई पर महान विश्वास है। प्रमुख प्रसिद्ध सबसे पुराना मंदिर है। भैया बहादुर इंद्र प्रताप सिंह ने यहां मूर्ति बनारस से लाई थी। मंदिर स्थापना के बाद उनके पुत्र का जन्म हुआ था। सन 1912- 13 में 3 फीट 100 किलोग्राम वजनी महामाई का मूर्ति स्थापित किया गया।

(22) खुड़िया माता- जसपुर माता की प्राचीन समय में गुफा के अंदर ही पूजा होती थी। एक बार जब पुजारी बैगा अपने औजार भूल गए और दोबारा लाने गए तब वहां का कपाट बंद हो गया। आज गुफा के बाहर ही पूजा अर्चना की जाती है। यह 300 फीट ऊंचा 100 मीटर लंबी गुफा में 200फीट ऊंची मां खुड़िया रानी की प्रतिमा अंदर जलधारा में विराजित है। पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के लोग इन्हें अपनी कुलदेवी मानते हैं। खड़िया दीवान क्षेत्र के रियासत का हिस्सा था।

(23)मड़वा रानी - कोरबा जिले से 22 किलोमीटर चांपा रोड पहाड़ी की चोटी पर है। अविवाहित स्वरूप में यहां देवी मानी जाती है। यहां माता शादी के मंडप छोड़कर आ गई थी और कलमी पेड़ में वास करने लगी। उनके शरीर से हल्दी पेड़ से पत्थर पर गिरा वहां पीला हो गया कलमी के पेड़ में खुद उग जाते हैं ज्वारे।

(24) सियादेवी माता - बालोद से 25 किलोमीटर नारागांव यहां पर त्रेता युग की कथाएं हैं। सीता माता ने सती के रूप में श्री राम से परीक्षा ली थी और राम उन्हें पहचान लिए थे। माता सीता लव कुश के साथ यहां रहे हैं। यहां सीता के चरण के निशान मिलता है यहां स्थान महर्षि वाल्मीकि के तपोभूमि के रूप में भी प्रसिद्ध है।

(25) बालोद के गंगा मैया - यहां की कहानी 130 साल पुरानी है ।झलमला की आबादी महज 100 के आसपास थी। सिवनी गांव का एक केवट मछली पकड़ने गया था, मछली के जगह पत्थर की प्रतिमा फंस गई केवट ने फिर उसे तालाब में फेंक दिया। बाद में गोंड जाति के बैगा को माता ने सपने में कहा मैं जल में पड़ी हूं, मुझे जल्दी निकालो प्राण प्रतिष्ठा करवाओ बैगा ने मालगुजार को जानकारी दिए। तालाब में जाल फेंक कर निकाला गया गया। वर्तमान में जहां प्रतिमा है वहां तालाब हुआ करता था।

(26) गंगई माता - माता गंगई प्राचीन मंदिरों में से एक है। यहां शासको का गढ़ रहा है। मान्यता है कि, मां गंगई कवर्धा में प्रकट हुई थी। और गंडई लोहारा में विश्राम कर रही थी। वहीं रुक गई इसलिए मंदिर का निर्माण गंडई में किया गया। किवंदती के अनुसार ग्राम के किसान खेत में कीड़े मकोड़े की प्रकोप से परेशान थे, माता से प्रार्थना कर मंदिर के जल को खेतों में छिड़काव किया गया जिससे कीट प्रकोप से मुक्ति पाई। तब से क्षेत्र के कृषक माता की पूजा अर्चना पश्चात ही बुवाई करते हैं। सहसपुर लोहारा में मंदिर पास बावली है जो वास्तु कला का बेजोड़ नमूना है।

(27) अष्टभुजी माता - जांजगीर चांपा, के अड़भार में मां अष्टभुजी का मंदिर है। यहां पांचवी, छठवीं शताब्दी के अवशेष इस स्थान पर मिलते हैं। इतिहास में अड़भार का उल्लेख अष्ट द्वारा के रूप में मिलता है। देवी दक्षिण मुखी विराजित है। शक्ति से 11 किलोमीटर दूर ग्रेनाइट पत्थर की आदमकद मूर्ति दो विशाल इमली पेड़ के नीचे बना है। मंदिर में आठ विशाल दरवाजा की वजह से शायद इसका प्राचीन नाम अड़भार हो गया। यहां घरों की नींव खोदते समय आज भी टूटी-फूटी मूर्तियां, सोने चांदी के सिक्के मिलते हैं।

(28) बेमेतरा की शक्ति माता - बेमेतरा की कुलदेवी है भद्रकाली। यह मंदिर बेमेतरा की पहचान है। मान्यता है की मां भद्रकाली एक भक्त के सपने में आई थी जिसके बाद मंदिर का निर्माण करवाया गया था।

(29) चैतुरगढ़ महिषासुर मर्दनी- चैतुरगढ़ को छत्तीसगढ़ का कश्मीर कहा जाता है। 3000 फीट की ऊंचाई पर मां महिषासुर मर्दिनी का दरबार है। इस मंदिर का निर्माण 14वीं शताब्दी में कल्चुरी शासको ने कराया था ।12 हाथ की मूर्ति है सातवीं शताब्दी में वाणवंशीय राजा मल्लदेव ने महिषासुर मर्दिनी मंदिर का जीर्णोधार करवाया था ।अब किला को पुरातत्व विभाग ने संरक्षित कर लिया है ।तीन प्रवेश द्वार मेनका, हुमकारा, और सिंह द्वार है।

(30) कौशिल्या माता - राजधानी रायपुर से 17 किलोमीटर चंदखुरी में भगवान श्री राम का ननिहाल, एक प्राचीन मंदिर है। जिसे दसवीं शताब्दी में बनवाया गया था। यह मंदिर तालाब के बीचो-बीच है। कौशल्या माता श्री राम को गोद में लिए हुए हैं राजा भानुमंत ने बेटी कौशल्या को 10,000 गांव दिए थे। प्राचीन नाम चंद्रपुरी था, मंदिर सोमवंशी राजाओं के द्वारा बनाई गई है।

(31) कोरबा के सर्वमंगला - यह 122 साल पुराना है, प्रसिद्ध सर्वमंगला मंदिर हसदेव नदी के तट से लगा हुआ है। यह मंदिर मां दुर्गा को समर्पित है दीवारों में अलग-अलग रूपों को खूबसूरती से बनाया गया है। भक्त वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधते हैं। निर्माण राजेश्वर दयाल की पूर्वजों द्वारा कराया गया था। स्थापना 1898 के आसपास हुआ। एक गुफा नदी के नीचे जाता है जो दूसरी तरफ निकलता है।

(32) बेमेतरा के सिद्धि माता - बेमेतरा ब्लाक के ग्राम सडी स्थित मां सिद्धि के मंदिर में हर साल होली के दूसरे दिन से 13तेरस तक मन्नत पूरी होने पर बकरे की बलि दी जाती है। यह सिलसिला 1965 से चली आ रही है की। जनश्रुति है कि जिनके बच्चे नहीं होते, नौकरी के लिए परेशान रहते हैं उनकी कामना एक साल के भीतर जरूर पूरी होती है। ग्राम डंगनिया निवासी जीवन साहू के अनुसार जब 1965 में अपने ससुराल सैंडी गया था उस समय उसे सपने में देवी की प्रतिमा दिखाई दी दूसरे दिन जाकर देखा तो देवी सोई अवस्था में थी। सपना के आधार पर उसने नौकरी व बच्चे मांगे जो एक वर्ष में के भीतर पूरी हो गई। वह बकरे की बलि दी। अंधविश्वास भी नहीं कह सकते क्योंकि लोगों की आस्था का सवाल है।

(33) रायगढ़ की अम्बे माई - 1400 साल पहले इस मंदिर का निर्माण हैहयवंशी राजाओं ने तंत्र साधना के लिए करवाया था। यहां कुंवारी कन्या ज्योति प्रज्वलित करती है।

(34) अम्बे भवानी टीकरापारा - यह मंदिर धरमजयगढ़ के राजा धर्मपाल से संबंधित है। इसे राजाओं की कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। लोग दर्शन के लिए आते रहते हैं।

(35) महामाया मंदिर कवर्धा - 200 वर्ष पुराना है डोंगरिया के महामाया मंदिर व तालाब। स्वयंभू भगवान शिव शक्ति सह परिवार विराजमान है। मध्य प्रदेश से लमान जाति के लोग गेरू बेचने आते थे। बदले में गाय बछड़ा पैसा लेते थे, उसी समय लमान जाति के परिवार से डोंगरिया गेरू बेचने आए थे कुष्ठ रोग था, गांव के छोटे डबरी में वह हाथ धोएं कुष्ठ ठीक हो गया। प्रभावित होकर ग्रामीणों ने डबरी को तालाब खुदवाए। जहां भगवान शंकर, पार्वती गणेश, कार्तिक के अद्वितीय दिव्य प्रतिमा मिले प्रतिमा को वहीं विराजित करना पड़ा। श्रद्धालु महिला भाजा बाई सन 1982 में झोपड़ी के स्थान पर मंदिर बनवाया।

(36) बंजारी माता रायगढ़ - जिले से 20 किलोमीटर दूर भव्य सुंदर माता बंजारी का मंदिर है। आस्था का केंद्र स्थल है यहां सुंदर गार्डन भी है। इसका नवनिर्माण 1980 में करवाया गया यहां पर शैल चित्रों का बहुत खूबसूरत प्रयोग किया गया है। यहां माता के दर्शन के साथ-साथ लोग वातावरण का भी सुखद आनंद लेते हैं।

- ढारा (करेला) डोंगरगढ़ (छ.ग.)

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम : 118 अयोध्या में राम और लक्ष्मण की वापसी की प्रतीक्षा में राजा दशरथ

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



जब से श्री राम और लक्ष्मण जी विश्वामित्र जी के साथ सिद्धाश्रम की ओर गए हैं, तब से राजा दशरथ का ध्यान उन दोनों कुमारों की ओर लगा रहता है। विश्वामित्र जी राम और लक्ष्मण को केवल दस दिनों के लिए मांगकर अपने साथ ले गए थे। राजा दशरथ इस प्रतीक्षा में थे कि दस दिन पूरा होते ही ग्यारहवें दिन राम और लक्ष्मण उनके सम्मुख होंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वे 11वें दिन प्रातः गुप्तचर विभाग के प्रमुख को बुलावा भेजने ही वाले थे कि राज्य के गुप्तचर प्रमुख श्रीकेतु स्वयं ही उपस्थित हो गए थे।

''प्रणाम महाराज!'' श्रीकेतु ने झुकते हुए महाराज दशरथ का अभिवादन किया।

''आशीर्वाद श्रीकेतु! कहो क्या समाचार है? क्या दोनों कुमार अयोध्या लौट आए हैं या अयोध्या के निकट पहुंच गए हैं?'' राजा दशरथ ने पूछा।

''महाराज वे अयोध्या तो नहीं लौट रहे हैं लेकिन जो समाचार गंगा के तटवर्ती क्षेत्र के वनों से प्राप्त हुए हैं, वे अत्यंत गौरवपूर्ण हैं।''श्री केतु ने कहा।

''विस्तार से कहें,क्या समाचार है? अवश्य राम और लक्ष्मण ने कोई बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है।''

''ऐसा ही है महाराज! हमारे गुप्तचरों ने यह पक्की सूचना दी है कि कुमार राम और लक्ष्मण ने ताड़का वन में ताड़का का वध कर दिया है और इतना ही नहीं, सिद्धाश्रम क्षेत्र में जब मुनि विश्वामित्र तपस्या कर रहे थे, तो उसमें विघ्न बाधा डालने को उपस्थित हुए सुबाहु का वध कर ज्येष्ठ राजकुमार ने मारीच को अपने बाण से वहां से सैकड़ों योजन दूर समुद्र के निकट फेंक दिया है।अब अयोध्या और इसका निकटवर्ती संपूर्ण वन क्षेत्र राक्षसों से पूरी तरह सुरक्षित हो गया है।'' श्रीकेतु ने विस्तार से बताया।

''निःसंदेह! यह तो अत्यंत हर्ष का समाचार है और मुझे राम-लक्ष्मण की वीरता पर गर्व है।'' ऐसा कहते हुए अपने पुत्रों के शौर्य पर महाराज दशरथ का मस्तक गर्व से ऊंचा हो गया।

''राक्षसों से संघर्ष में कुमारों को किसी तरह की चोट तो नहीं लगी?और मुनि विश्वामित्र जी का क्या हाल है?''

''सभी सुरक्षित और स्वस्थ हैं महाराज तथा संपूर्ण वन क्षेत्र में अयोध्या प्रशासन के प्रति सद्भावना में वृद्धि हुई है और उस क्षेत्र के नागरिकगण दोनों कुमारों की बड़ाई कर रहे हैं।'' श्री केतु ने कहा।

''यह तो होना ही है श्री केतु क्योंकि अयोध्या ने कभी भी विस्तारवादी दृष्टिकोण नहीं अपनाया है और हम अपने राज्य की सीमा से बाहर भी यथासंभव पीड़ित मानवों की सहायता का प्रयत्न करते हैं।'' महाराज दशरथ ने उत्तर दिया।

''दोनों कुमारों की वापसी की क्या सूचना है?'' महाराज दशरथ ने अपनी प्रसन्नता पर नियंत्रण रखते हुए पूछा।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

### अब माई लार्ड को छोड़ें महान भाव या मान्यवर बोलें!

सुप्रीम कोर्ट लाइव रिपोर्टिंग पढ़कर,  
बानी बोले- ''गजाधर!  
जब कोई वकील अदालत में  
अपनी दलील पेश करते हुए  
माननीय न्यायाधीश को  
'माई लार्ड' कहते हैं  
तो हमें बड़ा अटपटा लगता है।  
देखो तो! यह कैसी विडम्बना है  
कि आजादी के पचहत्तर छिहेत्तर साल बाद भी  
हम अंग्रेजों के माई लार्ड की  
हिन्दी नहीं कर पाए?'  
गजाधर मंद-मंद मुस्कराए।  
बोले- ''बानी। मुझे भी  
यह 'माई लार्ड' सम्बोधन  
जरा भी नहीं आता है।  
इंग्लैण्ड में बैठा अंग्रेज यह जानकर  
व्यंग्य से हंसता है, मुस्कराता है।  
इसीलिए तो बानी!  
मैं कहता कि वकील अदालत में  
माननीय न्यायाधीश को सम्बोधित करें  
बड़ी विनम्रता से बड़े  
आदर से झुक कर,  
''महानुभाव या मान्यवर!''



गिरीश बख्शी

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। बच्चों को आज पढ़ाई में मन लगाने की जरूरत है। माता को मीठे का भोग लगाये, परिवारिक रिश्तों में मिठास आएगा।

**वृषभ** — आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुये हैं। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। नया बिजनेस स्टार्ट करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेलःजोल बढ़ेगा। किसी नए काम को शुरू करने के लिए आज आप उत्साहित रहेंगे। शुभ रंग- नारंगी शुभ अंक- 7

**मिथुन** — आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप पूरा करेंगे। आज आप कुछ निजी मामलो में थोड़ा भावुक हो सकते हैं। शिक्षक आज किसी मीटिंग में शामिल होंगे। परिवार के साथ मां दुर्गा की आरती करें, पारिवारिक ताल-मेल मजबूत होगा।

**कर्क** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज संयम रखने से रुकी योजनाएं सफल होंगी। डिप्रेशन की समस्या से आपको आराम मिलेगा। आज आप कोई नई भाषा सीखने के बारे में विचार करेंगे। आज पड़ोसी आपके कार्यों को पूरा करने में आपकी सहायता करेंगे।

**सिंह** — आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे बातचीत करना चाहेंगे। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। दांपत्य जीवन में खुशियां बरकरार रहेंगी। माता दुर्गा को इलायची अर्पित करें।

**कन्या** — आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी इम्पोर्टेन्ट टॉपिक पर चर्चा करेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। माता का आशीर्वाद लें, कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामंजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का शोल्युशन निकालने में सक्षम रहेंगे, परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी। प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को आज अच्छी खबर मिलेगी।

**वृश्चिक** — आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। घर पर आपके अच्छे गुणों की चर्चा होगी। परिवार वाले आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। लम्बे समय से चल रही योजना में आज कुछ नए चेंजेस भी कर सकते हैं। आपके कार्यों की काफी सराहना होगी।

**धनु** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपको किसी से दूरसंचार से शुभ सूचना मिल सकती है, घर में खुशी का माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज के दिन आप कुछ नया करने की कोशिश कर सकते है आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप दूसरों की हर संभव मदद करेंगे। साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान हो सकता है। इस राशि के जो लोग मीडिया जगत से जुड़े हैं उनका दिन किसी प्रोजेक्ट को कम्पलीट करने में गुजरेगा। सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**कुंभ** — आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। आज आपका काम आसानी से पूरा होगा। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका ज्ञान बढ़ेगा। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आप किसी राजनेता से संपर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है। आप आज भक्तिमय रहेंगे, पशु सेवा करने का सौभाग्य मिलेगा।

# लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही विधानसभा में जोर पकड़ रहा चुनाव प्रचार

खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही प्रचार अभियान अब जोर पकड़ रहा है। खैरागढ़ विधानसभा मे पार्टी संगठन के साथ प्रत्याशी भी सक्रियता के साथ जीत की रणनीति बनाते दिख रहे है। खैरागढ़ विधानसभा मे भाजपा मोदी के भरोसे तो कांग्रेस भूपेश के भरोसे पर चुनाव लड़ है। चुनाव प्रचार मे दोनो दल दीवार लेखन में सबसे ज्यादा तेज है, लेकिन बैनर पोस्टर के मामले में दोनों दलों की ओर से माहौल नही बन पाया है। भाजपा को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है, संगठन स्तर मंडल, बूथ को साधने की रणनीति के तहत काम हो रहा है। पदाधिकारी कार्यकर्ता बूथों मे कमान संभाल रहे है। इधर कांग्रेस मे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रत्याशी बनाए जाने के बाद सक्रियता तो दिख रही है, लेकिन संगठन स्तर पर प्रचार अभियान में अपेक्षाकृत तेजी नहीं आ पाई है। हालंकि चुनाव को 20 दिन बाकी है ऐसे मे नवरात्रि के बाद अभियान गति पकड़ सकता है। चार माह पहले हुए विधानसभा चुनाव मे यहाँ कांग्रेस भाजपा मे कड़ी टक्कर हुई थी। लेकिन परिणाम कांग्रेस के पक्ष में गई, जीत और हार के बाद अब माहौल बदला हुआ है।



### भाजपा को मोदी की गारंटी पर जीत का भरोसा

विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा प्रदेश में सरकार बनने के बाद उत्साहित है। केन्द्र सरकार और मोदी की गारंटी पर भाजपा को पूरा भरोसा दिख रहा है। प्रदेश सरकार के तीन माह के कार्यकाल की उपलब्धियों के साथ मोदी की गारंटी के सहारे भाजपा विधानसभा मे जीत की नैया पार करने में जुटी है। भाजपा पिछले पांच साल के कांग्रेस कार्यकाल मे हुए भ्रष्टाचार, गड़बड़ी को बड़ा मुददा बना रही है ताकि भूपेश बघेल से पार पाया जा सके।

**कांग्रेस को भूपेश की जीत की पूरी आस, तो भाजपा को मोदी की गारंटी पर जीत का भरोसा**

### भूपेश सरकार के अभूतपूर्व फैसले पर टिकी कांग्रेस

पिछले पांच साल प्रदेश मे सत्ता संभालने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल मे खैरागढ़ जिला निर्माण की वर्षो पुरानी मांग पूरी हुई। विभिन्न इलाकों में कालेज, तहसील निर्माण, स्कूलों की बड़ी मांग पूरा होने से कांग्रेस को इसका फायदा सीधे मिलने की उम्मीद में कांग्रेसी उत्साहित है। भूपेश बघेल खुद दो बार विधानसभा का दौरा कर चुके है। कार्यकर्ता सम्मेलन के बहाने पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं को चार्ज कर जीत की रणनीति बता चुके है, तो दूसरी ओर कांग्रेस सरकार मे कर्जा माफी, समर्थन मूल्य, न्याय योजना से मिले फायदे गिनाने में भी पीछे नही है।

### कांग्रेस का नफा नुकसान

कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के चलते कांग्रेस में उत्साह है। गूटीय लड़ाई छोड़ सभी एकजूट होकर कर रहे काम, भूपेश सरकार मे जिला निर्माण सहित विभिन्न पूरानी मांगों को पूरा होने से फायदे की उम्मीद, संगठन स्तर पर कांग्रेस की संक्रियता कम, विधानसभा चुनाव में मिली लीड का फायदा, भूपेश खुद संभाल रहे चुनावी कमान।

### भाजपा का नफा नुकसान

भाजपा मोदी की गारंटी, प्रदेश में साय सरकार के तीन माह के कार्यकाल को सामने रखकर चल रही। पदाधिकारी मंडल और बुथ स्तर पर सक्रिय, मोदी के नाम पर जीत की उम्मीद, प्रत्याशी के साथ जिला संगठन भी सक्रियता से जुटा।

# भेंट मुलाकात कार्यक्रम तहत रोज़गार गारंटी योजना में महिलाओं से जाकर मिली विधायक -हर्षिता स्वामी बघेल

**गरीब परिवार की महिलाओं को हर साल मिलेंगे एक लाख रुपये**




ठेलकाडीह (दावा)। ग्राम गातापार के भाटापारा में डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिक के बीच पहुंच कर संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र में राष्ट्रीय कांग्रेस की सरकार बनने के साथ हर गरीब परिवार के महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के तहत दिया जाएगा। नारी न्याय योजना अन्य गारंटी में केन्द्र सरकार की भर्तियों में महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान रखा गया है नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिये मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिलाओं के मानदेय में दो गुना दिया जाएगा। महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के ग्राम पंचायत स्तर में एक अधिकार मैत्री खोला जाएगा जिससे आसानी से ग्राम पंचायत में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। वही कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की संख्या दोगुनी कर सुविधा उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है।

किसान वर्ग के लिये किसान न्याय गारंटी के तहत किसानों को उचित मूल्य मिले जिसके लिये स्वामी नाथन कमेटी के फार्मूले से न्यूनतम समर्थन मूल्य से खरीदी का कानून भारत मुख्यतः कृषि प्रधान देश होने के कारण कृषि कार्य से जुड़े उपकरण यंत्र सामानों पर जीएसटी लागू नहीं किया जाएगा।

विधायक ने कहा कि सबसे प्रमुख बात अच्छी खेती के लिए किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए किसानों के ऋण माफी करने के लिए एक स्थायी आयोग का गठन। बेमौसम बारिश से किसानों के सबसे अधिक फसल नष्ट हो जाते हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है इसलिए फसल बीमा की राशि सीधे खाते में तीस दिनों के अंदर किया जाएगा। राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये मनरेगा मजदूरी 400 रुपये देने का वादा डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने महिलाओं से कांग्रेस पार्टी के सांसद उम्मीदवार भुपेश बघेल को समर्थन देकर जीत दिलाने की अपील की हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में जो आशीर्वाद जनसमूह का मिल रहा है निश्चित रूप से पूर्व मुख्यमंत्री किसान के बेटा किसान हितैषी भुपेश बघेल जीत रहे हैं। इसी इसी प्रकार ग्राम चारभाठा सिरसाही सहित अन्य ग्रामों में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने संबोधित किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, रजभान लोधी, विक्की क्षत्री, ममता साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## डाइट के स्वयंसेवकों ने चलाया मतदाता जागरुकता हेतु दीवान लेखन कैंपेन



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार एडीएम प्रेम कुमार पटेल एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर तथा स्वीप नोडल लालजी द्विवेदी के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत 56 मतदान केन्द्र में शत-प्रतिशत मतदान हेतु दीवार लेखन कार्य का कैंपेन चलाया। मतदाता जागरूकता से संबंधित दीवार लेखन में विशेष कर अभिनव सोनी, वीर सिंह, कीर्तन कंवर, गीतांजलि कंवर, होमेश्वरी साहू, रितु चंद्रवंशी, चंद्रिका चंद्रवंशी, टिकेश्वरी पाल एवं डाइट के स्वीप नोडल कृष्ण कुमार वर्मा की विशेष भूमिका रही।

## पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यकाल में किसान हमेशा खुशहाल रहे है- यशोदा वर्मा



खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा का चुनाव मात्र 20 दिन शेष रह गया है।। वही विधायक यशोदा निलांबर वर्मा का धुआंधार जनसंपर्क व नुक्कड़ सभा चल रही है। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के छुईखदान ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनावी सभा को सम्बोधित किया। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मान बढ़ाने वाले भूपेश बघेल किसान पुत्र है, जो किसानों के समस्या को भलीभांति समझते है, भूपेश बघेल के वजह से ही आज किसान खुशहाल हुए है, उनके कार्यकाल में किसानो की फसल की अच्छी कीमत मिलती रहे। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा गांव-गांव पहुंच कर महालक्ष्मी नारी न्याय योजना, सहित कांग्रेस पार्टी के विभिन्न जनहितैषी घोषणा पत्र के संबंध में जानकारी देते हुए प्रचार-प्रसार कर रही है। इस अवसर पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया, हेमंत वैष्णव, मोती जंघेल, ललित महोबिया, गुलशन तिवारी, देवराज किशोर, राजू सिंह, लिखन जंघेल, खेमचंद साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तलवार लहराकर लोगों को डराने वाला व्यक्ति गिरफ्तार




डोंगरगढ़ (दावा)। चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 अन्तर्गत आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने से डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार संदिग्ध, चोर, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी है।

इसी कड़ी में आज दिनांक 12 अप्रैल को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला कि उमेश पाण्डे नाम का व्यक्ति दंतेश्वरी पारा वार्ड न0 2 हनी गुप्ता के घर के पीछे डोंगरगढ़ के पास अवैध रूप से लोहे का तलवार रखकर लोगों को दिखाकर, तलवार लहराकर डरा धमका रहा है। जिससे वार्ड में अशांति का माहौल उत्पन्न हो रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी उमेश पाण्डे पिता स्व0 माधव प्रसाद पांडे उम्र 23 साल सकिन दंतेश्वरी पारा वार्ड नं. -02 डोंगरगढ़ को तलवार लहराकर लोगों को डराते धमकाते रंगे हाथ पकड़कर आरोपी से एक नग लोहे का तलवार जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

## ग्राम संबलपुर में ज्योति कलश स्थापना

जंगलपुर (दावा)। ग्राम संबलपुर (सिंघोला) शिव पार्वती शक्ति पीठ में चैत्र नवरात्र में इस बार 221 मनोकामना ज्योति कलश स्थापना किया गया है । शनिवार को पंचमी को विशेष श्रृंगार होगा व 16 अप्रैल मंगलवार को हवन पूजन व माता का झूला कार्यक्रम होगा तथा रात्रि में जगराता कार्यक्रम होगा। यह जानकारी मंदिर के सेवक नारायण व बनवाली यादव ने दिया।



# रेत तस्करी में नहीं है लगाम, आवास वाले रेत को मोहताज





**(राजेश मेश्राम)**

जोंधरा (दावा)। मेहनत कम और पैसे कई गुना ज्यादा जिससे रातों-रात अमीर बना जा सके इस तरह के सपने संजोने वाले हमेशा ही गलत रास्तों का उपयोग करते हैं। जो विधि के विरुद्ध ही होता है छत्तीसगढ़ में इन दिनो पी.एम.आवास के तहत प्रत्येक पंचायत में दो से तीन पीएम आवास का निर्माण कार्य चल रहा है।

इन आवास निर्माताओं को एक ट्रैक्टर रेट 5000 रूपये ट्राली के हिसाब से ब्लैक में बेचा जा रहा है और यह खरीदने मजबूर है वहीं बेचने वाले विक्रेता रातों में नदी से रेत की अवैध निकासी कर उसे डंप कर देते हैं और इन जरूरतमंदों को मोटी दामों पर बेचकर करोड़ो कमा रहे हैं । इससे न सिर्फ शासन को राजस्व की क्षति हो रही है अपितु विभाग की निष्क्रियता भी उजागर होती है। मिली जानकारी के अनुसार छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम बरारमुण्डी नर्सरी में लाखों रुपए के रेत रेत माफिया द्वारा डंप किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम साल्हे निवासी द्वारा इन रेत को डंप किया गया है। रेत को डंप करवाने के लिए रेत माफिया द्वारा ग्राम साल्हे के आसपास के ग्रामों में पहले ट्रैक्टर वालों से संपर्क किया जाता है और रात के अंधेरे में सुबह तक रेत की निकासी की जाती है।

**सीईओ के सत्यापन से मिल सकती है आवास वालों को रेत**

भाजपा की विष्णु देव साय सरकार ने पीएम आवास के तहत बनने वाली सभी मकानों के लिए रेत फ्री में देने की घोषणा की है पर इसका कोई लिखित आदेश नहीं मिला है। आवास के तहत निर्माणाधीन मकान मालिकों को रेत के लिए सर्वप्रथम पंचायत सचिव से प्रतिवेदन तैयार करवा कर जनपद पंचायत सीईओ को सत्यापित करवाना होगा इसके पश्चात वो रेत की निकासी क्षेत्र के नदी नालों से आवश्यकता के अनुरूप कर सकते हैं -

**– मनोज मरकाम एसडीएम डोंगरगांव**

### डंप रेतों पर जब्ती की कार्यवाही हो

बरारमुण्डी नर्सरी में डंप रेतो पर अविलंब कार्यवाही की जानी चाहिए साथ ही सरगना के माध्यम से पता कर उन रेतो को डंप करने में उपयोग की जाने वाली सभी गाड़ियों को भी राजसात की जानी चाहिए।

# एक लाख सत्तर हजार कीमत का 8.5 किलो गाँजा लावारिस हालत में बरामद



डोंगरगढ़ (दावा)। मंडल टास्क टीम/रेसुब नागपुर द्वारा 11 अप्रैल को गाड़ी संख्या 20861 के जनरल कोच से लावारिस अवस्था में 1 लाख 70 हजार कीमत का 8.5 किलो गाँजा बरामद किया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि, दीपचन्द्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे विशेष चैकिंग अभियान के तहत दिनांक 11 अप्रैल को उपनि सागर ठाकरे एवं टीम द्वारा राजनांदगाँव से डोंगरगड के मध्य गाडी संख्या 20861 पुरी अहमदाबाद एक्स के इंजन से तीसरे जनरल कोच में लावरिस 02 बैग संदिग्ध अवस्था में पाया गया।

उक्त बैग के बारे में कोच में बैठे यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी भी यात्री द्वारा बैग के मालिक के बारे में कोई जानकारी नही होना बताया गया। टीम द्वारा दोनों बैग खोलकर देखने पर टेप से लपेटे हुए कुल 08 पैकेट मिले जिसमे गाँजा जैसा प्रतीत हुआ। जिसे रेल स्टेशन डोंगरगढ उतारकर विधिवत कार्यवाही करते हुए शासकीय रेल पुलिस डोंगरगढ़ को सुपुर्द किया गया। डोंगरगढ़ पोस्ट के द्वारा जीआरपी डोंगरगढ़ को सुपुर्द करने पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपराध क्रमांक- 16/24 धारा 8 (स), 20 (ब) (द्वद्व) (ब) एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया। बरामद किये गए गाँजे का कुल वजन 8.5 किलो है। जिसका वर्तमान बाजार मूल्य 1,70,000/- रुपये है। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक सागर ठाकरे, उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार, प्रधान आरक्षक एम के चौबे, व आरक्षक सतीश रंजन कुमार का कार्य सराहनीय रहा है।

# भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी में लोकसभा चुनाव कार्यालय का लोकार्पण



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा चुनाव 2024 का मंडल स्तरीय संचालन हेतु कार्यलय का लोकार्पण पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह के हाथों फीता काटकर किया गया। तद्पश्चात भारत माता एवं भाजपा के पुरोधा पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, कार्यालय लोकार्पण के बाद संजीव शाह ने कार्यकर्ताओं को अपने अपने काम मे दृढ़ता से जुटने को कहा व हर बुथ में 370 प्लस के साथ जीत हासिल करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री एवं विधानसभा प्रभारी रविन्द्र वैष्णव, जिला महामंत्री दिलीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, वरिष्ठ भाजपा नेता आदिल भाई, मनजीत भाटिया, दिनेश खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर खंडेलवाल, जिला मंत्री पवन गुप्ता, पुर्व मंडल अध्यक्ष ढालसिंह कौशिक, पूर्व जिला मंत्री एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंगी, पिछडा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष अरुण यादव, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारष्वत, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रियाजुद्दीन कुरैशी, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहन जैन, मंडल महामंत्री देवनारायण कुम्भकार, भारत भूषण राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष सुशीला रावटे, राजेश जैन गुजराती, सुधीर शुक्ला, ढालसिंह साहू, गौरव शर्मा, चुनु साहू, दयाशंकर खंडेलवाल, जिला मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी, जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष ईश्वरी धुर्वे, भाजयुमो जिला महामंत्री काशी निषाद, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सतीष शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष कुंजलता हरमुख, पिछडा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष रामाधार हिरवानी, किसान मोर्चा अध्यक्ष गौरीशंकर गुरले, भाजयुमो महामंत्री संतोष साहू, दिनेश्वर साहू, योगमाया साहू, तीजन बाई मानिकपुरी, शुभम लाटा, माया बाजपेयी, प्रतिभा यादव, नन्दा गायकवाड़, आशीष द्विवेदी, अजहरुद्दीन, कमल किशोर यादव, रोहित दास मानिकपुरी, राजू सिन्हा, किशोर अटभैया, संदीप मेश्राम, ओम शरण सिन्हा, समीर खान, दिलीप कौशिक, रूपेश यादव, विनोद निषाद, राजकुमार खंडेलवाल, श्यामा देवी निवरे, लता मंडावी, पुरषोत्तम ठाकुर, पार्षद धर्मेंद्र साहू, पार्षद मोहसिन खान, पार्षद सुरेश नेताम सहित समस्त पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी एवं बुथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को विजय दिलाने बूथों में जनसम्पर्क अभियान

**हर व्यक्ति मोदी का परिवार अपना बूथ जिताकर पुनः मोदी सरकार बनाना हम सबका दायित्व- संजीव शाह**

***(अभिषेक त्रिपाठी)***



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। अम्बागढ़ चौकी मंडल के ग्राम खडखडी, झिटिया, मुंजाल, भडसेना, कौढुटोला, सोनसायटोला, केकतीटोला, हाथीकन्हार, सेम्हरबांधा में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक संजीव शाह ने ली।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को विजय दिलाने एवं नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का लक्ष्य अबकी बार 400 पार एवं केंद्र में पुनः मोदी सरकार बनाने एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संतोष पांडे को विजय श्री दिलाकर मोदी जी के हाथों को और मजबूत करने के लिए कार्य योजना बनाई गई। किस प्रकार से अपने बूथ को मजबूत कर विजय श्री हासिल कर सके। संजीव शाह ने कहा बुथ का हर व्यक्ति मोदी का परिवार है, अपने बुथ में भाजपा प्रत्याशी को 370+ के साथ विजय दिलाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसी के साथ मोदी सरकार के दस वर्षो के कार्यकाल में हुवे जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया व लाभार्थियों से मुलाकात कर चर्चा की।

जिला महामंत्री एवं जोन प्रभारी दिलीप वर्मा ने कहा कि पुनः मोदी सरकार लाने कार्यकर्ता अपना बूथ जिताने कमरकस के तैयार है, निरंतर बूथ कार्यकर्ताओं को संपर्क करते हुए घर-घर जाकर केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी को जीतने के लिए संकल्पित कर रहे हैं।

बूथ स्तरीय जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक संजीव शाह, जिला महामंत्री एवं जोन प्रभारी दिलीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, जिला मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी, भाजयुमो जिला महामंत्री, काशी निषाद, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर गुरले, महामंत्री संतोष साहू, तिजन बाई मणिकपुरी जनपद सदस्य, भाजयुमो उपाध्यक्ष शुभम लाटा, राजू सिन्हा कोषाध्यक्ष भाजयुमो, ओम शरण सिन्हा जिला मीडिया सह संयोजक भाजपा, गजेंद्र मंडावी जिला सोशल मीडिया सह संयोजक, शंकर दास मानिकपूरी, मोहित यादव, श्यामनाथ सिन्हा, दयालु राम सिन्हा, झिटू राम सिन्हा मानिक सिन्हा एवं ग्राम सेम्हर बांधा, खड़खड़ी, झिटीया, मुंजाल भड़सेना, कौडूटोला, सोनसायटोला, केकतीटोला, हाथीकन्हार के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में मृत पंचायत सचिव के परिजनों को 38 लाख रुपये का चेक प्रदान



खैरागढ़ (दावा)। सड़क दुर्घटना में मृत पंचायत सचिव समयलाल साहू के परिजनों को बीमा क्लेम के तहत मिले 38 लाख रू की राशि का चेक कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने मृतक सचिव की पत्नी को प्रदान किया। इस दौरान जिला पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम बफरा पंचायत में पदस्थ पंचायत सचिव समयलाल की कुछ दिनों पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। एक्सिस बैंक द्वारा पंचायत सचिवों के खातों में वेतन भुगतान के बाद दिये जा रहे बीमा के लाभ के तहत मृतक सचिव की बीमा क्लेम की राशि 38 लाख रुपए के चेक का भुगतान बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्टर वर्मा ने किया। इस दौरान पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश जंघेल, लाला जंघेल, ध्रुव कुमार, जोगेश्वर धनगर, नीलेश सिंह, भागवत साहू, हिरेन्द्र नागपूरे, गेंदकुमार जंघेल, नूतन साहू, जगन्नाथ वर्मा, गजेन्द्र देवांगन, खुमान यादव, सुनीता साहू, रामबाई पाल, नाजनीन नियाजी, बिंदिया मानिकपुरी, सहित पंचायत सचिव और कर्मचारी मौजूद रहे।

# पहला कॉलम...

## कीवी टीम के दो खिलाड़ी चोटिल

ऑकलैंड। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 5 टी20 मैचों की सीरीज 18 अप्रैल से शुरू होनी है, लेकिन इस बीच तेज गेंदबाज एडम मिल्ने और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज फिन एलन चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। कीवी टीम की रवानगी से पहले प्रशिक्षण के दौरान एलन को पीठ में जबकि मिल्ने को टखने में चोट लगी है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा, एलन और फिन की चोटों के कारण वो रावलपिंडी में अगले सप्ताह शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग नहीं ले पाएंगे। मैदान में उनकी वापसी को लेकर आने वाले हफ्तों में अपडेट दी जाएगी।

इन चोटिल खिलाड़ियों की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल और अनकैप्ड ऑलराउंडर जैक फॉल्क्स को रिप्लेसमेंट के रूप में टीम में बुलाया गया है।

21 वर्षीय फॉल्क्स ने 2023-24 सुपर स्मैश सीजन में कैंटरबरी के लिए खेलते हुए 16.28 के प्रभावशाली औसत से 14 विकेट लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, उन्होंने 150 की स्ट्राइक-रेट के साथ अपनी बल्लेबाजी कौशल का भी प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, ब्लंडेल सात टी20 मैच खेल चुके हैं।

## एस्सार पावर के नवीकरणीय प्रभाग के सीईओ बने अंकुर कुमार

मुंबई । निजी क्षेत्र के स्वतंत्र बिजली उत्पादक एस्सार पावर लिमिटेड ने अपने नवीकरणीय व्यापार प्रभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अंकुर कुमार की नियुक्ति की घोषणा की। कुमार हरित ऊर्जा में परिवर्तन और भारत में एक मजबूत नवीकरणीय पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने की एस्सार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

नवीकरणीय ऊर्जा और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 24 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ कुमार अपनी नई भूमिका में विशेषज्ञता लेकर आए हैं। इससे पहले वो एसीएमई सोलर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। कुमार ने कंपनी के ग्रीन हाइड्रोजन और अमोनिया व्यवसाय में रणनीतिक विस्तार का नेतृत्व किया, साथ ही उसके भौगोलिक फुटप्रिंट को भी बढ़ाया। अपनी नई भूमिका में कुमार एस्सार पावर बोर्ड और नेतृत्व टीमों के साथ मिलकर सहयोग करेंगे। वे नवीकरणीय ऊर्जा में एक मजबूत पोर्टफोलियो बनाने और एस्सार पावर की ग्रीन एनर्जी पहल को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे।

## रिकॉर्ड ऊंचाई पर निफ्टी

मुंबई । निफ्टी 0.49 फीसदी या 111.1 अंक की बढ़त के साथ 22,753.8 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, निफ्टी ने एक हाई वेव का कैंडल बनाया और रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। हालांकि, इसके बावजूद ट्रेडिंग का वॉल्यूम पहले के स्तर तक नहीं पहुंचा। आगे कुछ दिनों तक निफ्टी 22,529-22,775 बैंड में रह सकता है। फार्मा और ऑटो को छोड़कर बुधवार को सभी सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, तेल और गैस, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी और मेटल 1 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ शीर्ष पर रहे। पीएसयू बैंकों में तेजी के चलते बैंक निफ्टी भी बुधवार को रिकॉर्ड ऊंचाई 49,057 पर पहुंच गया।

## सऊदी अरब में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा क्लॉक टावर



नई दिल्ली। दुनियाभर में कई गगनचुंबी इमारतें हैं। आपने दुबई का बुर्ज खलीफा देखा होगा। अमेरिका की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग ब्रिटेन का बिग बेन देखा होगा, लेकिन अब आप देखेंगे दुनिया का सबसे ऊंचा क्लॉक टॉवर, जो दुबई में बनने जा रहा है।

पिछले हफ्ते सऊदी अरब ने एक इवेंट में इस प्रोजेक्ट को लॉन्च किया, जिसका नाम है एटरनिटास टॉवर है। इसका निर्माण कार्य चल रहा है और इसे साल 2027 में दुनिया के लिए खोलने का लक्ष्य रखा गया है। इस टॉवर के खुलते ही सऊदी अरब के इतिहास में एक और उपलब्धि जुड़ जाएगी और यह दुबई के सबसे ऊंची दूसरी बिल्डिंग मरीना से 25 मीटर ऊंची होगी। मरीना की ऊंचाई 425 मीटर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रॉपर्टी डेवलपर लंदन गेट के मीडिया को-ऑर्डिनेअर टॉम हिल ने बताया कि उनके सहयोग से स्विस लक्जरी घड़ी निर्माता फ्रैंक मुलर द्वारा बनाया जा रहा एटरनिटास टॉवर, रिहायशी इमारत होगा, जो लंदन के बिग बेन से 4 गुना अधिक ऊंचा होगा। इन दोनों के बीच 22 मीटर (72 फीट) का अंतर है। यह टॉवर अमेरिका की द एम्पायर स्टेट बिल्डिंग से 70 मीटर ऊंचा होगा। ऊंचाई के कारण इस टॉवर पर लगने वाली घड़ी 6 किलोमीटर दूर से दिखाई देगी। यह घड़ी 40 मीटर (131 फीट) लंबी और 30 मीटर (98 फीट) चौड़ी होगी।

# आईपीएल में दिल्ली की लखनऊ पर पहली जीत-डेब्यूटांट फ्रेजर-मैगर्क की फिफ्टी, पंत ने 41 रन बनाए; कुलदीप को 3 विकेट

**लखनऊ। आईपीएल में पहली बार हुआ है कि जब लखनऊ सुपर जायंट्स 160 रन के ऊपर का स्कोर बचा नहीं पाई। इससे पहले आईपीएल इतिहास में सभी 13 मैच में जो उन्होंने 160 रन या उससे ऊपर बनाए उसमें जीत दर्ज की थी। हार के बाद कप्तान केएल राहुल ने निराशा जताई।**



आईपीएल 2024 के 26वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स की भिड़ंत दिल्ली कैपिटल्स के साथ हुई। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 167 रन बनाए। वहीं, दिल्ली ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के बाद केएल राहुल ने कहा, हमने बल्लेबाजी में 15-20 रन कम बनाए। हमने अच्छी शुरुआत की, लेकिन बाद में बिखर गए। यहां पर 180 रन तक बनाने थे। पिच पर गेंद नीची रह रही थी, लेकिन कुलदीप ने काफी अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन मैकगर्क एक नए खिलाड़ी के तौर पर आए। हमने उसके कई वीडियोज देखे थे लेकिन उसने बहुत अच्छे शॉट खेले।

### पावरप्ले में मिले विकेट

राहुल ने आगे कहा, हम इसी माइंड सेट के साथ जाते हैं कि अच?छी जगह पर गेंदबाजी करनी है। इस बार भी यही माइंड सेट था। हमने वॉर्नर को पावरप्?ले में पवेलियन भेजा। टीमें चाहती हैं कि पावरप्ले में विकेट मिले और दबाव बनाया जाए। 10 ओवर तक मैच हमारे हाथ में था, लेकिन कैच छूटा और बाद में फ्रेजर और पंत ने मैच हमारे हाथ से छीन लिया।

### अगला मैच हमारा दोपहर में

अगला मैच हमारा दोपहर का है और भारत में गर्मियों में दिन के मैच मुश्किल होते हैं, लेकिन यही शेड्यूल है। हम दो अंक लेने की कोशिश करेंगे। अक्षर ने जब पहला ओवर किया था तो मुझे लगा कि टर्न अधिक नहीं होगी। पूरन स्पिनरों को हिट कर सकते थे, इसी वजह से उनको उस समय भेजा था, लेकिन कुलदीप ने उन्हें पहली गेंद पर आउट कर दिया।

### डेब्यू मैच में मैकगर्क ने लगाया अर्धशतक

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए जैक फ्रेजर मैकगर्क और ऋषभ पंत के बीच तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी हुई जिसे नवीन-उल-हक ने तोड़ा। उन्होंने इस मैच में डेब्यू करने वाले मैकगर्क को 140 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। मैकगर्क ने लखनऊ के खिलाफ 31 गेंदों में अर्धशतक लगाया।

वहीं, पंत 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स (15) और शाई होप (11) के बीच पांचवें विकेट के लिए 24 रन की नाबाद साझेदारी हुई। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई ने दो विकेट चटकाए जबकि नवीन-उल-हक और यश ठाकुर ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## क्या एलन मस्क भारत यात्रा के दौरान सस्ती स्टारलिंक इंटरनेट सेवा की घोषणा करेंगे?

नई दिल्ली । एलन मस्क द्वारा संचालित एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स द्वारा पेश की जाने वाली एक किफायती उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवा स्टारलिंक ने दुनिया के दूरदराज और दुर्गम हिस्सों में लोगों के वेब तक पहुंचने के तरीके को बदल दिया है। क्या मस्क इस महीने के अंत में अपने भारत दौरे के दौरान इस इंटरनेट सेवा की घोषणा करेंगे? भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, कई असफल प्रयासों के बाद स्टारलिंक भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाएं शुरू करने के लिए तैयार है, जिसके करीब 92 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहक हैं।




रिलायंस जियो इन्फोकॉम और भारती एयरटेल इस समय ब्रॉडबैंड बाजार में अग्रणी हैं। इसके बाद वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल हैं। नियामक बाधाओं को दूर करने के बाद स्टारलिंक को जल्द ही लाइसेंस मिलने की तैयारी है। सरकार ने पिछले साल दिसंबर में दूरसंचार विधेयक 2023 पारित किया था, जो नीलामी में भाग लेने की जरूरत के बिना उपग्रह-आधारित सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन की अनुमति देता है। यह कदम वनवेब, मस्क के स्टारलिंक और अमेजन के कुइपर जैसी कंपनियों के पक्ष में है।

विशेषज्ञों के अनुसार, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण विकास गति के दौर का अनुभव कर रही है। सीएमआर के इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप (आईआईजी) प्रमुख प्रभु राम ने बताया, मस्क की यात्रा के साथ स्टारलिंक का संभावित आगमन भारत की संपन्न डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए एक और उत्प्रेरक के रूप में काम कर सकता है। बढ़ी हुई डिजिटल पहुंच 'आकांक्षी भारत' में नागरिकों को सशक्त बनाएगी, उद्यमिता की लहर को बढ़ावा देगी, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच बढ़ाएगी और डिजिटल कार्यबल में भागीदारी बढ़ाएगी।

## आरसीबी को एक और झटका! ग्लैन मैक्सवेल हुए बाहर

नई दिल्ली। आरसीबी के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का सीजन कुछ अच्छा नहीं जा रहा है। टीम का आगाज ही हार के साथ हुआ था। इसके बाद एक मैच जीतने में टीम कामयाब रही, लेकिन इसके बाद अब फिर से लगातार 4 मैचों में उसे हार का मुंह देखना पड़ा है। इस बीच दिक्कतें यहीं खत्म नहीं हो रही हैं। अब खबर है कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में ग्लैन मैक्सवेल चोटिल हो गए हैं। इसलिए हो सकता है कि वे अगले कुछ मैच न खेल पाएं। हालांकि चोट कितनी गंभीर है, इसके बारे में जानकारी नहीं मिली है।



ग्लैन मैक्सवेल आरसीबी के लिए 11 करोड़ रुपये लेकर खेल रहे हैं। लेकिन इस साल वे गेंद से तो कुछ विकेट निकाल रहे हैं, लेकिन बल्ले से तो पूरी तरह से खामोश हैं। वे अब तक तीन बार शून्य पर भी आउट हो चुके हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुरुवार को खेले गए मैच में वे बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे, लेकिन इसके बाद जब टीम फील्डिंग के लिए मैदान में उतरी तो वहां वे चोटिल हो गए। उनसे दो कैच भी छूटे। इसके बाद वे वापस डगआउट में चले गए थे, लेकिन अब पता चला है कि उनके अंगूठे में चोट लगी है, इसलिए हो सकता है कि उन्हें कुछ मैच मिस करने पड़ जाएं।

मैक्सवेल पिछले 4 चार से आरसीबी के लिए खेल रहे हैं। इससे पहले वे दिल्ली और पंजाब के लिए भी आईपीएल खेल चुके हैं। मैक्सवेल की खास बात ये है कि जब वे अपनी टीम ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते हैं तो कमाल की बल्लेबाजी करते हैं, लेकिन आईपीएल में वे उस तरह से बल्लेबाजी नहीं कर पाते। इसी वानखेड़े स्टेडियम में उन्होंने वनडे विश्व कप 2023 में चोटिल होने के बाद भी अफगानिस्तान के खिलाफ कमाल की बल्लेबाजी करते हुए दोहरा शतक जड़ा था, लेकिन अब आईपीएल में उनके बल्ले से वहां भी रन नहीं बने।

## रोहित शर्मा और सुरेश रैना ने बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। आरसीबी के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार यादव ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी कर गेंदबाजों के होश उड़ा दिए. सूर्या ने जिस अंदाज में बल्लेबाजी की उसने फैन्स ही नहीं बल्कि विश्व क्रिकेट को हैरान कर दिया. सूर्या ने मैच में केवल 17 गेंद पर अर्धशतक जमाया और साथ ही कुल 19 गेंद पर 52 रन बनाने में सफल रहे, अपनी पारी में सूर्या ने 5 चौके और 4 छक्के लगाने का कमाल किया. अपनी तूफानी अर्धशतकीय पारी के दौरान सूर्या ने 7000 रन भी पूरे किए. बता दें कि भारत की ओर से टी-20 में 7000 से ज्यादा रन बनाने वाले सूर्या 9वें बल्लेबाज बने हैं. इसके अलावा अपनी बेहतरीन पारी के दौरान भारत के मिस्टर 360 ने रोहित शर्मा और सुरेश रैना के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है.



दरअसल, सूर्यकुमार यादव टी-20 क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे तेज 7000 रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं. ऐसा कर सूर्या ने इस मामले में रोहित शर्मा और सुरेश रैना को पछाड़ दिया है. सूर्या ने टी-20 क्रिकेट में अपने 7000 रन 249वें पारी में पूरा किया, वहीं, रोहित ने 7000 टी-20 रन 258वें पारी में पूरा किया था.

## रमजान के दौरान कराची में डकैती का विरोध करने पर 19 लोगों की हत्या

कराची। रमज़ान 2024 के दौरान कराची में अपराध में वृद्धि देखी गई, जिसमें डकैतियों के विरोध के परिणामस्वरूप 19 मौतें हुई और 55 लोग घायल हुए। एआरवाई न्यूज़ की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने खुलासा किया कि डकैती की कोशिश के दौरान कराची में 19 नागरिकों की मौत हो गई। वारदात में शामिल लुटेरे हथियार से लैस थे।इस साल शहर में डकैती से संबंधित मौतों में उल्लेखनीय बढ़त देखी गई है, जो कुल मिलाकर 56 हो गई है, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

इसकी तुलना में पिछले साल इसी अवधि में डकैतियों के खिलाफ प्रतिरोध के कारण 25 मौतें हुईं थी और 110 घायल हुए थे। 2023 में आंकड़े चिंताजनक रूप से अधिक थे समान परिस्थितियों के कारण 108 मौतें और 469 घायल हुए थे।

कराची पुलिस ने इस वर्ष लुटेरों के साथ 425 मुठभेड़ की, जिसमें 55 डकैत मारे गए और 439 घायल हो गए। नागरिक-पुलिस संपर्क समिति (सीपीएलसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 के पहले तीन महीनों में 22,627 अपराध दर्ज किए गए, जिनमें 59 मौतें और डकैती प्रतिरोध से उत्पन्न 700 से अधिक का घायल होना शामिल हैं। इसके अलावा इस अवधि में 373 कारें, 15,968 मोटरसाइकिलें और 6,102 मोबाइल फोन चोरी या छीने जाने की सूचना मिली। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सीपीएलसी रिपोर्ट में कराची में 25 जबरन वसूली की घटनाओं और फिरौती के लिए अपहरण के पांच मामलों का भी दस्तावेजीकरण किया गया है।

## देशभर में जीओ की सर्विस ठप

नई दिल्ली । टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो की सर्विस गुरुवार को देशभर में ठप हो गईं हैं। जियो यूजर्स ने इसकी शिकायत सोशल मीडिया पर दर्ज कराई है। जियो यूजर्स को मोबाइल इंटरनेट और जियोफाइबर इस्तेमाल करने में दिक्कत आ रही है। इतना ही नहीं, कुछ छ्ब्द्ब्श यूजर्स का ये भी कहना है कि वे अपने छ्ब्द्ब्श सिम का उपयोग करके कॉल भी नहीं कर पा रहे हैं।




रियल टाइम आउटेज रिपोर्टिंग वेबसाइट Downdetector ने भी जियो नेटवर्क को लेकर मिल रही शिकायतों को कंफर्म किया है। Downdetector के अनुसार, दोपहर 1.50 बजे तक 700 से अधिक लोगों ने Jio इंटरनेट सर्विस को लेकर रिपोर्ट की है, जिनमें से 51 प्रतिशत शिकायतें JioFiber के लिए, 42 प्रतिशत मोबाइल इंटरनेट नेटवर्क के लिए थीं और कॉल के लिए 7 प्रतिशत लोगों ने शिकायत की।

इतना ही नहीं, कुछ यूजर्स ने BGMI और Free Fire MAX जैसे गेम खेलने के दौरान आ रही नेटवर्क इश्यू को लेकर शिकायत की है। इतना ही नहीं, कुछ जियो यूजर्स का कहा कहना है कि वे अपने डिवाइस में घंटों तक इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि, Jio की तरफ से यूजर्स की शिकायतों पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन डाउनडिटेक्टर पर ग्राफ अभी भी लाल रंग में है, जिसका अर्थ है कि यूजर्स वर्तमान में समस्याओं के बारे में रिपोर्ट कर रहे हैं।

## प्रथम पेज का शेष

000000000000000

जब भारत-पाकिस्तान के...

में कहा था कि पाकिस्तान भारत के साथ आर्थिक संबंधों को फिर से स्थापित करना चाहता है। इसकी तीन बाद ही विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा था कि भारत को लेकर पाकिस्तान की नीत में कई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कश्मीर का मुद्दों को भी जोड़ा था।

000000000000000

भाजपा के स्टार प्रचारकों...

सत्ताधारी महायुति और महाविकास अघाडी गठबंधन के बीच सीधी टक्कर होगी। मालूम हो कि महाराष्ट्र में 'महायुति' में सत्तारूढ़ बीजेपी, सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और एनसीपी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) अजित पवार गुट शामिल हैं। जबकि एमवीए गठबंधन में कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) और शिवसेना (उद्धव गुट) है। जबकि एमवीए के तीनों दल 'इंडिया' गठबंधन का भी हिस्सा है। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों पर पांच चरणों में चुनाव हो रहे हैं। पहले चरण में विदर्भ शामिल है जिसके लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। जबकि आखिरी चरण का मतदान 20 मई को है जिसमें मुंबई, ठाणे, पालघर आदि जिले शामिल है।

00000000000000000000000000

पीएम मोदी ने आतंकवाद...

उन्होंने कांग्रेस पर मुगलिया सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के नेता देश की भावनाओं की परवाह नहीं करते हैं। जब मुगल हमला करते थे तो उन्हें राजा को पराजित करने से संतोष नहीं होता था, इसके लिए वह मंदिर तोड़ते थे। उन्हें हमारे पूजनीय स्थलों पर कत्ल करने से संतोष होता था। वैसे ही सावन में मटन खाने का वीडियो दिखाकर मुगलों के जमाने की मानसिकता दिखाकर देश के लोगों को चिढ़ाना चाहते हैं।

देश की मान्यताओं पर हमला- उन्होंने कहा कि नवरात्र में किस मंशा से वीडियो दिखाकर और लोगों की भावनाओं को चोट पहुंचाकर आखिर ये लोग किसे खुश करने का खेल-खेल रहे हैं। ये जानबूझ कर ऐसा करते हैं कि देश की मान्यताओं पर हमला हो, ये इसलिए होता है ताकि बड़ा वर्ग इनके वीडियो देखकर चिढ़ता रहे, असहज होता है। तुष्टिकरण से आगे बढ़ते हुए ये इनकी मुगलिया सोच है। भगवान राम को काल्पनिक कहकर कांग्रेस किसे खुश करना चाहती थी। वे इस चुनावी मुद्दा कहते हैं, लेकिन देश के लिए यह श्रद्धा का मुद्दा था।

हिम्मत है तो अनुच्छेद-370 की वापसी की घोषणा करे विपक्ष- प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी जम्मू-कश्मीर को पुराने दिनों की तरफ धकेलने का षड्यंत्र रचते हैं। पर मैंने जम्मू-कश्मीर के विकास में बाधक अनुच्छेद-370 की दीवार को न केवल तोड़ दिया है, बल्कि उसके मलबे को भी दफन कर दिया है। उन्होंने विपक्ष को चुनौती दी कि अगर उसमें हिम्मत है तो वह अनुच्छेद-370 की वापसी की घोषणा करें।

00000000000000000000000000

सौम्या चौरसिया की जमानत...

इसके बाद से वे सेंट्रल जेल रायपुर में बंद हैं. वहीं सुप्रीम कोर्ट के आदेश से पहले बिलासपुर हाईकोर्ट पहले ही याचिका खारिज कर चुका है, 2008 बैच की राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया करीब डेढ़ साल से जेल में बंद है। सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर दो बार सुनवाई टल चुकी थी, लेकिन आज उस पर सुनवाई हुई।

0000000000000000000000000

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस...

नहीं हो सकती है। मामले में एसीबी के अधिवक्ता डॉक्टर सौरभ पांडेय ने जवाब के लिए समय दिए जाने की मांग की। इस पर कोर्ट ने जवाब के लिए समय देते हुए याचिका को सुनवाई के लिए 25 अप्रैल को रखने का आदेश दिया है।

000000000000000

लोकसभा चुनाव लोकतंत्र ..

पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, रक्षा उद्योग ये सभी उन्हें सौंप दिए गए। नोटबंदी और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से पूरा लघु और मध्यम उद्योग नष्ट हो गया है। प्रधानमंत्री द्वारा प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा चुनाव आयुक्तों को

# यशस्वी जायसवाल की फॉर्म ने बढ़ाई चिंता, लियाम लिविंगस्टोन की हो सकती वापसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 27वें मुकाबले में शनिवार को पंजाब किंग्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह भिड़ंत चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम मुल्लांपुर में होगी। टूर्नामेंट में अब तक ऋऋ का प्रदर्शन शानदार रहा है। राजस्थान ने 5 में से 4 मैच जीते हैं और संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। दूसरी ओर पंजाब किंग्स को 5 में से 2 ही मुकाबलों में सफलता मिली है। दोनों ही टीमें अपना पिछला मैच हारकर आ रही हैं, ऐसे में दोनों कप्तानों की कोशिश हर हाल में इस मुकाबले को जीतने पर होगी।



### लियाम की हो सकती है वापसी

पंजाब किंग्स की टीम में फिलहाल एक खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन के चोटिल होने के कारण आखिरी मैच नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड का यह ऑलराउंडर टीम में वापसी कर सकता है, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पिछले मैच में पंजाब किंग्स सिर्फ 2 रन से हारी थी। टीम के लिए अच्छी बात यह है कि 2 भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ी शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा शानदार फॉर्म में हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध पिछले मैच में दोनों प्लेयर्स ने उम्दा प्रदर्शन किया था।

### यशस्वी की फॉर्म चिंता का विषय

राजस्थान रॉयल्स के संदीप शर्मा चोट के कारण बाहर थे, लेकिन अगले मैच में उनकी वापसी हो सकती है। पिछले मैच में कुलदीप सेन ने बेहतरीन गेंदबाजी की थी, लेकिन उनका 19वां ओवर महंगा रहा था। हालांकि क्क्क्यस् के खिलाफ इस तेज गेंदबाज को मौका मिल सकता है। यशस्वी जायसवाल की खराब फॉर्म ऋऋ के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने 5 मुकाबलों में 12.60 की औसत और 136.95 की स्ट्राइक रेट से 63 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वाधिक स्कोर 24 रन रहा है। उनके अलावा रविचंद्रन अश्विन गेंद से ज्यादा प्रभावी साबित नहीं हुए हैं।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11

**पंजाब किंग्स-** शिखर धवन (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), सैम करन, शशांक सिंह, आशुतोष शर्मा, सिकंदर रजा, हरप्रीत बरार, कैगिसो रबाडा, हर्षल पटेल।

**इम्पैक्ट प्लेयर- अर्शदीप सिंह**

**राजस्थान रॉयल्स-** यशस्वी जयसवाल, जोश बटलर, संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), रियान पराग, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान, कुलदीप सेन, युजवेंद्र चहल।

**इम्पैक्ट प्लेयर- केसव महाराज**

# 133 वीं आम्बेडकर जयंती समारोह का कल होगा भव्य आयोजन

डोंगरगढ़(दावा)। भारत रत्न बोधिसत्व डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती के भव्य आयोजन को लेकर अंबेडकर अनुयायियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। 13 अप्रैल से प्रारंभ दो दिवसीय आयोजन को लेकर आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध बिहार ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ के नेतृत्व में आयोजन की रूपरेखा बनाई गई है। 13 अप्रैल दिन शनिवार को,संध्या 4.00 बजे नागसेन बुद्ध विहार में मोटरसाइकिल रैली के भव्य आयोजन को लेकर अंबेडकर अनुयाई एकत्रित होंगे। मोटरसाइकिल रैली बुद्ध विहार से नगर भ्रमण करते हुए वापस बुद्ध विहार पहुंचेगी, प्रतिवर्ष अनुसार वार्ड नंबर 5 इंदिरा नगर स्थित समाजसेवी अनिल सहारे के निवास के सामने पोहा एवं शरबत का वितरण किया जाएगा। रात्रि 9 बजे गत वर्ष अनुसार तहसील प्रांगण में स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात जनपद पंचायत डोंगरगढ़ परिसर में रात्रि भोज का आयोजन सामाजिक गणों के लिए रखा गया है। रात्रि 9:30 बजे बुद्ध व भीम पर आधारित रिकॉर्डिंग डांस(संपर्क करे -दीपक उके) एवं रात्रि 12:00 बजे आतिशबाजी के साथ डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के जन्मदिन के अवसर पर आयोजन स्थल नागसेन बुद्ध विहार में केक काटा जाएगा।

**0 14 अप्रैल को होगा भव्य आयोजन**

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अपनी परंपरा को



○ दो दिवसीय आयोजन की तैयारी को लेकर अंबेडकर अनुयायियों में उत्साह ○ आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति के नेतृत्व में होगा भव्य आयोजन

कायम रखते हुए डॉ. अंबेडकर अनुयायियों द्वारा सुबह से देर रात तक डॉक्टर अंबेडकर के जन्मदिन पर परित्राण पाठ से लेकर विविध आयोजन किया जाना है। तय कार्यक्रम के अनुसार, प्रातः 09.00 बजे झंडा बंदन, परित्राण पाठ (पूजा सामग्री की व्यवस्था समाजसेवी अनिल सहारे की ओर से) प्रातः 9.30 बजे खीर एवं प्रसाद वितरण (सामाजिक कार्यकर्ता विशाल, रोहित टेम्भुरकर की ओर से) किया गया है।

0 डॉ अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण

सुबह 10.10 बजे नवनिर्माणाधीन नागसेन बुद्ध विहार परिसर में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की नवनिर्मित भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। 10:20 बजे रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र में माल्यार्पण किया जाएगा। सुबह 10:30 बजे कचहरी परिसर में स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

0 शाम 4:00 बजे भव्य रैली निकाली जाएंगी -

14 अप्रैल को शाम 4:00 बजे से नागसेन बुद्ध विहार से रैली का शुभारंभ होगा। रैली में हजारों की संख्या में शामिल अंबेडकर अनुयाई जय भीम के नारे का गुणगान करते हुए अपने परिजनों के साथ नगर भ्रमण करेंगे। रैली में आकर्षक झांकीया एवं चलित प्रदर्शनी, रैली में शामिल अंबेडकर अनुयायियों का उत्साह वर्धन करेंगी एवं शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगी। रात्रि 9.00 बजे रैली का समापन बुद्ध विहार में किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार अक्षय पात्र फाऊंडेशन की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. मिलन टेंबुरकर द्वारा रात्रि भोज का आयोजन सामाजिकगनों के लिए किया गया है।

**0 सफेद वस्त्र धारण करने की अपील आयोजन समिति की ओर से**

आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ की ओर से,समस्त उपासक उपासिकाओं को सूचित किया गया है कि डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर की 133 जयंती आप सभी के सहयोग से यादगार एवं ऐतिहासिक बनाने की कोशिश की जा रही है। इस जयंती में सहपरिवार उपस्थित होकर यादगार बनाने में सहयोग करें। धुमधाम से जयंती को मनाने में अपनी भूमिका निभायें एवं समाज के मान-सम्मान को ध्यान में रखते हुए ऐसी कोई भी गतिविधि न करें जिससे समाज की गरिमा को ठेस पहुंचे।

13 अप्रेल की मोटर सायकल रैली एवं 14 अप्रेल की शाम की रैली दिये गये समयानुसार प्रारंभ हो जायेगी। सभी समय का ध्यान रखते हुए उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करें।समस्त वार्ड की समितियों से भी निवेदन किया गया है कि 13 व 14 अप्रेल को अपने वार्डो में कोई भी कार्यक्रम का आयोजन न करें।एवम 13 व 14 अप्रेल को सफेद वस्त्र धारण करें।

# लखन यादव पुनः सर्किल दीवानभेड़ी के अध्यक्ष चुने गये



राजनांदगांव (दावा)। पिछले दिनों सर्किल कोशरिया यादव समाज दीवानभेड़ी का अगले 5 वर्षो के लिए चुनाव बैठक का आयोजन ग्राम दीवानभेडी में किया गया जहां लखन यादव को पुनः सर्किल के अध्यक्ष चुन लिए गये। साथ ही चूँकि पुराने पदाधिकारीगणों का कार्यकाल सामाजिक रूप से संतोषप्रद रहा है इसलिए सभी पदाधिकारी गणों को यथावत अपने पद पर बने रहने पर सहमती बनी है जिसमें तीरथ यादव उपाध्यक्ष, पन्ना यादव सचिव, युवक यादव को कोषाध्यक्ष चुना गया है।

सर्किल के वरिष्ठ सदस्यों में शीतल यादव, देवानंद यादव, धीरपाल यादव, अनूप यादव, बिसौहा यादव, सोनसिंग यादव, तीकम यादव, पुनश यादव आदि शामिल हैं। युवा प्रकोष्ट में रोहित यादव अध्यक्ष, तोमान यादव उपाध्यक्ष, प्रमोद यादव सचिव तथा दिनेश यादव को कोषाध्यक चुना गया है। युवा सदस्यों में मानसिंह यादव, भानु यादव, रामचंद्र यादव, और सुदामा यादव को सामिल किया गया है। इसी बीच अध्यक्ष लखन यादव द्वारा आमन्त्रित जिला कोशरिया यादव समाज के पदाधिकारी गणों का आगमन हुआ और चयनित सभी पदाधिकारी गणों का स्वागत और हार्दिक अभिनंदन व स्वाजातीय बंधु गण एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामना देने लगे।

# छ.ग. साइबर सुरक्षा अभियान समेकन, साइबर वॉरियर्स सम्मान समारोह कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। क्विक हील फाउंडेशन के तत्वाधान में सेंट्रल फॉर युथ डेवलॅपमेंट एंड एक्टिविटी के नेतृत्व में, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर कॉलेज डोंगरगांव के संरक्षण में सायबर सुरक्षा जागरूकता अभियान सितम्बर 2023 में प्रारम्भ हुआ था। जिसमे शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के अलग अलग विभाग के विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवियों, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव के रासेयो स्वयंसेवियों की कुल 40 वॉरियर्स की टीम तैयार किया गया था। वॉरियर्स जिला प्रशासन के सहयोग से लगातार अलग अलग स्कूलों में जाकर सायबर अपराध कैसे होता और इससे कैसे बचा जाय प्रोजेक्ट एवं खेल जैसे माध्यम से लगभग 40 हजार से भी ज्यादा युवाओं तक जागरूकता लाने का प्रयास किया है। साथ ही साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण इलाको में हॉट बाजार और रोजगार गारंटी चल रहे जगहों में जाकर ज्यादा से ज्यादा जनसंख्या में आम जनता को सायबर



अपराध से बचने के नुस्खों से जागरूक किया गया है। उक्त जागरूकता कार्यक्रम राजनांदगांव जिले में प्रारूप के रूप में शुरुवात किया गया था। अब इसे बड़े रूप में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भी प्रारंभ किया जा सकता है। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में लगातार समाजसेवी के रूप में कार्य कर रहे सायबर वॉरियर्स के लिए सायबर सुरक्षा अभियान समेकन, सायबर वॉरियर्स समान समारोह का आयोजन किया गया। पुरे जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट कार्य और लीडरशिप के लिए स्वयंसेवी विनोद टेम्बुकर को विशेष रूप से सम्मान किया गया साथ ही उत्कृष्ट कार्य एवं अपना सम्पूर्ण योगदान देने के लिए स्वयंसेवी खुशी तिवारी, कनिष्का पटेल, तोरण पटेल, गगन और झामेश्वर को भी विशेष सम्मान किया गया। साथ ही सभी वॉरियर्स को प्रमाण एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

समेकन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुपमा काटकर (चेयरपर्सन क्विक हील फाउंडेशन) एवं अजय शिर्के (सीनियर प्रोग्राम मैनेजर सीएसआर क्विक हील फाउंडेशन) शास. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर सर, रासेयो के जिला संगठक डॉ. सुरेश कुमार पटेल सर, हर्षवर्धन सर (सीवायडीए प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर्स), नितेश सर (सीवायडीए समर्थक), डॉ. अनीता साहा मैम (आईक्यूएसी हेड दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव), दीपक परघनिया (रजिस्ट्रार दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव) की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में उपस्थित रासेयो जिला संगठक डॉ.एस.के.पटेल सर लगातार बच्चों से जुड़े रहते है उनके द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया एवं उक्त मंच को बताया गया की बच्चे किस प्रकार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया और क्विक हील फाउंडेशन सी.ए.अजय शिरके द्वारा वॉरियर्स के कार्यो की सराहना किया गया पर आने वाले समय में सायबर का कार्य बढ़ने पर इन वॉरियर्स को मॉडल के रूप में आगे लाया जायेगा कहा गया। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य द्वारा अपने उद्बोधन में क्विक हील, सी वाय डी.ए.संस्था को धन्यवाद देते हुए कहा की संस्था द्वारा उस कार्यो के लिए महाविद्यालय के विद्यार्थियों का चयन किया गया यह सचमुच बच्चों के साथ साथ महाविद्यालय के लिए एक उपलब्धि है। कार्यक्रम सायबर वॉरियर द्वारा जागरूकता अभियान के दौरान किये गए अनुभवों को मंच के समक्ष साझा किया गया।

# देवागा यादव छुरिया सर्किल के अध्यक्ष निर्वाचित

राजनांदगांव (दावा)। पिछले दिनों जिला निर्वाचक मण्डल कोशरिया यादव समाज राजनंदगांव की उपस्थिति में सर्किल यादव समाज छुरिया के नये पदाधिकारी गणों का चुनाव हर्षोल्लास संपन्न हो गया। देवागा राम यादव (घुपसाल) लोकतंत्र विधि के अनुरूप सर्किल छुरिया के नये अध्यक्ष निर्वाचित हुआ है। इसी प्रकार गोविंद राम यादव (मासुल) उपाध्यक्ष तथा मुकेश यादव (छुरिया)को कोषाध्यक्ष सर्व सम्मति से चुना गया।

शेष पदाधिकारी गणों का चुनाव बाद में किया जायेगा जिसमें युवा मंडल और महिला मंडल का भी गठन किया जायेगा और सर्किल स्तर पर जिला पदाधिकारी गणों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी किया जायेगा। जिला अध्यक्ष कन्शु राम यादव के सफल मार्गदर्शन में चुनाव संपन्न हुआ है। इस बीच जिले



जिला निर्वाचक मण्डल उपस्थित रहे

पदाधिकारी गणों में सर्व कार्तिक राम यादव, फगुवा यादव संरक्षक, राधे लाल यादव उपाध्यक्ष, महेश यादव महामंत्री, राधे लाल यादव उपाध्यक्ष, रेखचंद् यादव जिला सह सचिव, शीलु राम यादव कोषाध्यक, कमलेश यादव युवा अध्यक्ष सहित निर्वाचक मण्डल में धन्ना लाल यादव, जैपाल यादव, केदार यादव, खिलावन यादव, छबिलाल यादव, गोविंद यादव, अशोक यादव, चिंता राम यादव पुरण यादव आदि अपनी उपस्थिति देकर यादवी एकता का परिचय दिये हैं। सामाजिक एकजुटता पर विशेष जोर दिया गया है। सर्किल में अगले वर्षो से वार्षिक संगोष्ठी, युवक युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श विवाह को प्राथमिकता दिया जायेगा। जिला पदाधिकारीगण चयनित पदाधिकारी गणों को गुलाल लगाकर बधाई एवं शुभ कामनाएं दिये तथा स्वजातीय बँधुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला है। अंत में पूर्व अध्यक्ष सोहन लाल यादव ने समाज के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। हर संभव समाज के सेवा में तैयार रहना स्वीकार किया है।

# बिल्हरी सेक्टर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के चरिष्ठ नेता विष्णु लोधी ने बिलहरी सेक्टर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा भाजपा के साथ अरबपतियों की ताकत है, हमारे साथ किसान-मज़दूर साथियों का विश्वास है। उनके पास झूठ और फर्जी प्रचार है, हमारे पान 5 न्याय का संकल्प है। उनके पास इलेक्टोरल बॉण्ड की



विष्णु लोधी ने घोषणा पत्र को घर घर पहुंचाने कार्यकर्ताओं से किया आह्वान

गरीब परिवार के एक महिला को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए मिलेगा इसी प्रकार किसानों के लिए स्वक्क (समर्थन मूल्य) को कानूनी दर्जा दिया जाएगा और डॉ स्वामी नाथन आयोग को लागू किया जाएगा एवं स्वामी नाथन फार्मूले के अनुसार तय होगा साथ ही दियी और डिप्लोमा धारक युवाओं को 1 लाख प्रति वर्ष एवं 30 ताकत है, हमारे पास देशवासियों से मिला योगदान है। उनके पास ईडी है, सीबीआई है, हमारे पास सच और जनता का प्यार है और इतिहास गवाह है कि आखिर में जीत हमेशा सच और मोहब्बत की होती है। भाजपा हार रही हैं, कांग्रेस जीत रही है।

विष्णु लोधी ने कार्यकर्ताओं से पार्टी के घोषणा पत्र को घर घर पहुंचाने एवं अबकी बार कांग्रेस सरकार बनाने की आव्हान करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनांदगांव लोकसभा सीट से उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा के विकास के साथ साथ छत्तीसगढ़ के आवाज को बुलंद करने के लिए भारी बहुमत से विजय बनाकर दिल्ली भेजने की बात कही। विष्णु लोधी ने कहा देश में कांग्रेस की सरकार बनाने पर महिला, किसान, युवा, मजदूर के साथ न्याय होगा और लाख सरकारी नौकरी की भर्ती होगी। मज़दूरों के लिए मनरेगा की मजदूरी डबल किया जाएगा। बैठक में चुनाव की तैयारी के सम्बन्ध चर्चा हुई, आगामी दिनो के कार्यक्रम की योजना बनाई गई।

वहीं कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर उत्तराह देखने को मिला और बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जनों ने अपनी अपनी बात रखी। बैठक में प्रमुख रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विष्णु लोधी, ब्लाक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सेक्टर प्रमुख होमदत्त, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, सुरज कौशल, मोरध्वज वर्मा, सेवक साहू, नैल सिंग राजकुमार वर्मा, भुषण साहू, दीनदयाल साहू, ओमप्रकाश साहू, रघुनंदन वर्मा, सोहन साहू, विसरान वर्मा, मदनमोहन साहू, मोती वर्मा, चिन्ता राम, महेश वर्मा, ओमकार सेन आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोदी जी ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया - डॉ. रेखा मेश्राम

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री, प्रदेश महिला मोर्चा की पूर्व उपाध्यक्ष व राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र की महिला मोर्चा की प्रभारी डॉ रेखा मेश्राम ने खुज्जी विधानसभा के तेलिनबांधा, चिरचारी, हालेकोसा में महिला शक्ति केंद्र की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी की गारंटी और देश की आधी आबादी के लिए मोदी जी की महिलाओं के प्रति जनहित कल्याणकारी योजनाएं व उनकी नीति और महिलाओं का जो मान सम्मान मोदीजी ने दिया है, उसकी गारंटी के साथ संतोष पांडे जी पहले से भी अधिक मतों से जीतेंगे। आजादी के बाद सर्वाधिक दिनों तक कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व करने वाली एक महिला जिन्होंने अनेक सालों तक इस देश का नेतृत्व किया किंतु ना तो उनकी अच्छी सोच थी ना ही बहनों के प्रति कोई भावना थी, जिसके कारण महिलाओं को हमेशा लज्जित होना पड़ता था।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाते हुए स्वच्छता अभियान और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के माध्यम से पूरी महिलाओं का और देश की आधी आबादी का सम्मान बढ़ाया है। घर-घर में



शौचालय निर्माण कर ग्रामीण और श्रमिक बहुल क्षेत्र में निवासरत माता बहनों को दुभर जिंदगी जीने से निजात दिलाई है। महिलायें उससे आज काफी खुश हैं, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के माध्यम से आज बेटियों की शिक्षा दीक्षा से लेकर आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं आज बेटियों के सम्मान के लिए नई-नई योजनाएं तैयार कर मोदी जी ने जो 400 पार का लक्ष्य रखा है वह अवश्य ही पूर्ण होगा क्योंकि छत्तीसगढ़ की पूर्व कांग्रेस सरकार ने जिस पवित्र गंगा मैया के जल को हाथ में लेकर माता के दरबार में झूठी कसम खाई थी मातृशक्ति को मात्र छलने का काम किया था, उन्होंने प्रत्येक महिलाओं को सरकार बनते ही 500 हर महिला को देने का वायदा किया था, बुजुर्ग महिलाओं के खाते में निराश्रित पेंशन के रूप में 1000 दिए जाने की घोषणा की थी, किंतु उन्होंने अपना वादा पूर्ण नहीं किया।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. मेश्राम ने कहा कि कांग्रेस ने बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था उसे भी पूर्ण नहीं किया। उन्होंने अपनी किसी भी घोषणा को पूर्ण न कर छत्तीसगढ़ में चाहे कोयला घोटाला हो, चाहे गोबर घोटाला हो, चाहे शराब घोटाला हो, चाहे महादेव एप के साथ सट्टे की बात हो तो इस सब चीज में उन्होंने छत्तीसगढ़ को लूटा है। जिसे हमारी मातृशक्ति अच्छी तरह जानती है, आज प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 100 दिन के अंदर जो प्राथमिक घोषणाएं थी जिनमें सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना जिसके माध्यम से भूपेश बघेल ने महिलाओं के पक्के मकान में रहने का सपना छीन लिया था पूर्ण किया। महिलाओं के लिए मातृवंदन के रूप में छत्तीसगढ़ की सरकार ने 70 लाख महिलाओं को 2 महीने की किस्त देकर उनका विश्वास जीता है, महिलाओं को मोदी जी पर विश्वास है उन्होंने भगवान राम जो 500 सालों तक टेंट में रह रहे थे उनका एक भव्य मंदिर बनाकर सबका विश्वास जीत लिया, यही सब बाते हैं जिससे मोदी की गारंटी से प्रभावित होकर महिलाएं कह रहीं है कि अबकी बार भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे पहले से अधिक मतों से विजयी होंगे।

# चीन, जापान व अमेरिका बूढ़े हो रहें, भारत जवां- दिनेश गांधी

राजनांदगांव(दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए भाजयुमो ने संसदीय क्षेत्र में नव मतदाताओं, छात्रों व युवाओं को मोदी जी की विचारधारा से जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चला रखा हैं। मोर्चे के कार्यकर्ता मंडलों व शक्ति केंद्रों में जाकर नये मतदाताओं तथा युवाओं से संपर्क कर उन्हें भाजपा व मोदी जी की विकसित भारत बनाने की योजना बताकर उन्हे साथ जोड़ रहें हैं, इसी तारतम्य में गत दिनों डोंगरगाँव में भारतीय जनता युवा मोर्चा की बड़ी बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा संसदीय चुनाव के सहसंयोजक दिनेश गांधी ने कहा की संसार के तमाम देश जिनमें चीन, जापान, अमेरिका शामिल हैं उनकी आबादी का एक बड़ा हिस्सा बूढ़ा हो गया हैं जबकी इसके उलट भारत की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा युवाओं का हैं। इस युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की मुहिम से जोड़कर हम मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर सकते हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री गांधी ने कहा कि इन्ही सब बातों



को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री मोदी जी ने लगभग चार दशक बाद नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया। जिसमे देश की युवा शक्ति नई दिशा देने की महत्वाकांक्षी योजना हैं। शिक्षा को रोजगार से जोड़कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाना है। यह इस नई शिक्षा नीति का मूल उदेश्य हैं। जब देश का युवावर्ग आत्मनिर्भर होगा तो देश के कदम विकास की ओर अग्रसर होंगे। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत डेढ़ करोड़ युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जोड़ा गया हैं।

प्रधानमंत्री श्री योजना के तहत चौदह हजार पाँच सौ स्कूलों का तकनीकी दृष्टि से उन्नयन किया गया जिससे छात्र नये संदर्भों को आसानी से समझ सकें। शिक्षा की दृष्टि से नई तकनीकी वाले आईआईटी कालेजों संख्या तीन गुना बढ़ाई गई, करोड़ों लोगों को रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराए गए। लगभग चार सौ नये विश्व विद्यालयों की स्थापना की गई, मेडिकल कालेजों की संख्या दो गुना हुई, एम्स अस्पतालों को तीन गुना बढ़ाया गया एमबीबीएस की सीटों की संख्या में वृद्धि कर दुगुना किया गया तथा मेडिकल कालेज के पीजी सीटों को भी दुगुनी वृद्धि कर संख्या में इजाफा किए गया। इस सारे कीर्तिमान के केंद्र में देश की युवा पीढ़ी हैं, युवाओं को अधिक से अधिक उच्च शिक्षा मिलें, वे तकनीकी दृष्टि से निपूर्ण हो और उन्हे रोजगार के नये-नये अवसर उपलब्ध हो इसके लिए मोदी जी ने अद्भुत प्रयास किए हैं। जिसका सुखद परिणाम भी हम सबके सामने हैं। बैठक में प्रमुख रूप से रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव, आलोक श्रोती, गोलू सूर्यवंशी, डिकेश साहू, पिंटू वर्मा, प्रवेश ठाकुर, टिकाम पटेल, राजू यादव, टीमेश साहू, मनीष साहू, राजा साहू, दुर्गेश सिन्हा, मामेश साहू, राजा जैन, यतीश सिन्हा, चमन वर्मा, नमन दवे यशवंत सिन्हा, संदीप साहू, लक्ष्मीनारायण सेन, नंदलाल कुंभकार, गुलशन पटेल, सोनू साहू सहित अनेक युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पालिका क्षेत्र के 16 वार्डो की पेयजल व्यवस्था हुई बाधित विगत तीन दिनों से पेयजल के लिए संघर्ष कर रहे हैं वार्डवासी

डोंगरगढ़ (दावा)। नवरात्र पर्व के दौरान पालिका क्षेत्र में निवास करने वाले 16 वार्डों के निवासियों को विगत तीन दिनों से पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पेयजल की आपूर्ति करने वाला पनियाजोब जलाशय के नाहर नाली का कैनाल क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण पेयजल की आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हुई है।

मरम्मत कार्य में लगे जलशाखा प्रभारी अखिल खान ने बताया कि आज दोपहर तक मरम्मत कार्य पूर्ण हो जाने का भरोसा जल संसाधन विभाग की ओर से दिलाया गया है। पालिका क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति विभिन्न टैंकरो के माध्यम से की जा रही है। वार्डवासियों को पेयजल की आपूर्ति उचित ढंग से हो ऐसी व्यवस्था पालिका द्वारा की गई है। बताया गया है की, सोमवार दोपहर



आज दोपहर तक मरम्मत कार्य पूर्ण हो जाएगा - जल शाखा प्रभारी

से शहर को पानी की आपूर्ति करने वाला पनिया जोब जलाशय का केनाल छतिग्रस्त हो गया था।

**पालिका क्षेत्र के 16 वार्ड में पेयजल आपूर्ति बाधित**

बताया गया है कि, पनियाजोब का रॉ वाटर इंटकवेल पुरा सुख गया है। जिससे चौधना स्थित चार एमएलडी फ़िल्टर प्लांट तक पानी नहीं पहुंच पाने के कारण इससे जुड़े पालिका क्षेत्र के 16 वार्डो के निवासी पेयजल को लेकल परेशान हो गए है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत आम जनों को पेयजल के लिए सार्वजनिक हैंड पम्प के साथ बोर व निस्तारी तालाबों की ओर रुख करना पड़ रहा है। साथ ही वार्ड में जहां-जहां पानी की डिमांड आई पालिका ने वहां टैंकरों की मदद से उन्हें कुछ हद तक राहत देने की कोशिश की है।

दोनो विभागों ने संभाला मोर्चा पालिका क्षेत्र में पेयजल की सप्लाई रुकने के बाद पालिका के अधिकारी व कर्मचारी जल संसाधन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विगत तीन दिनों से दिन दिनभर पनियाजोब जलाशय के क्षतिग्रस्त कैनाल के मरम्मत कार्य करने में डटे हुए है। पालिका के इंजीनियर रितेश स्थापक ने चर्चा में बताया कि वर्तमान स्थिति में जो भी प्लान कर रहे हैं सब फेल होता जा रहा है। जलाशय का गेट काफी ज्यादा खस्ताहाल हो गया है। गेट को पूरी तरह से ब्लॉक करने के उपाय सुझाए जा रहे हैं। उसके बाद ही राहत मिल पाएंगी।

# राशन पर भाजपा की लूट, अब मिलेगा सिर्फ 5 किलो चावल- भूपेश बघेल

0 युवाओं को नौकरी, 400 रूपए मनरेगा मजदूरी, महिलाओं को एक लाख की गारंटी

0 पूर्व मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव ब्लाक के कई गांवों में किया सघन जनसंपर्क



**कहा- 35 किलो चावल से 5 किलो प्रति यूनिट हो गया**

राजनांदगांव (दावा)। आसन्न लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शुक्रवार को राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों का दौराकर ग्रामीण मतदाताओं से सघन संपर्क किया और कांग्रेस को शानदार मतों से जीताकर केन्द्र में कांग्रेस सरकार बनाने अपील की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से भेंट-मुलाकात की।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल लगातार पूरे संसदीय क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। आज उन्होंने राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा किया। इस दौरान श्री बघेल ने ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात कर उनका हाल जाना और इस बार केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन महीने में भाजपा ने जो बात कही थी कि हम 18 लाख आवास देंगे, किसी को मिला नहीं है। उज्जवला गैस 500 रूपए में देने की बात कही गई, लेकिन किसी को नहीं मिला है। एक हजार रुपये महिलाओं को देने की बात कही थी, वह 70 लाख महिलाओं को ही मिल पाया है। अपनी सरकार में किए गए कार्य और योजनाओं को बंद करने को लेकर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि जो योजनाएं हमारे समय से चल रही थीं, वह सब बंद हो रही है। राजीव युवा क्लब मितान बंद हो गया सांय-सांय, गोबर खरीदी बंद हो गई सांय-सांय. बेरोजगारी भत्ता मिलना बंद हो गया सांय-सांय, अन्य योजनाएं भी बंद हो गई। जो फटाफट बंद किया है, उसे छत्तीसगढ़ी में उसे सांय-सांय बोलते हैं।

### भाजपा ने एक हजार देकर राशन में कर दी कटौती

उन्होंने आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि सभी वर्ग के लोगों के हितों का ध्यान रखकर कांग्रेस ने इस बार जो घोषणा पत्र तैयार किया है, उसके अनुसार हर गरीब महिला को हर साल एक लाख रूपए दिया जाएगा। हर शिक्षित बेरोजगार को सरकारी नौकरी दी जाएगी। मनरेगा के श्रमिकों की मजदूरी में भी बढ़ोत्तरी की जाएगी। केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर मनरेगा के मजदूरों को प्रतिदिन चार सौ रूपए की मजदूरी दी जाएगी। श्री बघेल ने कहा कि हमारे शासन काल में प्राथमिकता वाले राशन कार्डों के माध्यम से जो 35 किलो चावल दिया जाता था, उसमें भी साय सरकार ने कटौती कर दी है। एक तरह महतारी वंदन योजना के नाम से महिलाओं को एक हजार रूपए देकर गुमराह किया गया, दूसरी तरफ मिलने वाले राशन में 20 किलो तक की कटौती कर दी गई। इस तरह भाजपा सरकार ने लोगों को खुलेआम ठगने का काम किया।

दरअसल भाजपा झूठ की राजनीति करती आ रही है। झूठ बोलो और लोगों को बेवकूफ बनाकर राज करना इनकी आदत में शामिल है। भाजपा ने पहले सबके खोते में 15 लाख रूपए डालने का झूठा वादा किया, अच्छे दिन लाने का वादा किया, देश में 100 स्मार्ट सिटी बनाने का वादा किया, कालाधन को वापस लाने का वादा किया, लेकिन इनमें से एक भी वादा को भाजपा ने 10 सालों में सत्ता में रहकर पूरा नहीं किया। बल्कि इसके उलट दस सालों में महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, भूखमरी तेजी से बढ़ी है। कांग्रेस नहीं चाहती कि कोई भी आदमी भूखा प्यासा रहे। कांग्रेस सबका भला करना चाहती है। श्री बघेल के जनसंपर्क के दौरान आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, श्रीकिशन खंडेलवाल, गोवर्धन देशमुख, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, रोहित चंद्राकर, रवि साहू, अजय मारकंडेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### गांव, गरीब और किसानों की हितैषी है कांग्रेस

जानकारी के अनुसार श्री बघेल 12 अप्रैल को दोपहर 12.30 बजे भिलाई स्थित अपने निवास से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर एक बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अंजोरा पहुंचे। उसके बाद उन्होंने कोपेडीह, देवादा, टेड़ेसरा, नवागांव, फूलझर, इंदावानी, सोमनी, ईरा, धीरी, सांकरा, खुंटेरी, ठाकुरटोला, तोरणकट्टा, सुंदरा, पारींकला में पहुंचकर ग्रामीणों से सघन जनसंपर्क किया। इसके बाद देर शाम को श्री बघेल ने सिंघोला पहुंचकर देवी दर्शन किए। जनसंपर्क के दौरान गांवों में आयोजित संक्षिप्त सभाओं को श्री बघेल ने संबोधित किया। श्री बघेल ने कहा कि हमारे कांग्रेस शासनकाल में गांव, गरीब, किसानों के हितों को ध्यान में रखकर जो जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही थी, उसे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री साय द्वारा एक-एक कर सबको बंद कर दिया गया। आप सबको पता है कि हमारी सरकार में किसी भी व्यक्ति को कभी किसी बात की कमी होने नहीं दी गई। सबका ध्यान रखकर योजनाएं चलाई गई, लेकिन भाजपा वालों को गरीबों की कोई परवाह नहीं है। उन्हें तो सिर्फ उद्योगपतियों के लिए काम करना है, आम जनता चाहे भूख मरती रही। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब और किसानों का भला सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है।

## श्रीमती साय ने मां पाताल भैरवी के किये दर्शन



राजनांदगाँव (दावा)। आज मुख्यमंत्री की धर्मपत्नि कौशल्या देवी साय ने पाताल भैरवी मंदिर पहुंचकर माँ पाताल भैरवी के दर्शन किया।

साथ ही मंदिर के भोजन कक्ष में प्रसादी ग्रहण किया। मैडम सीएम के साथ बिटिया और परिजन के लोग साथ में थे। मैडम सीएम ने मंदिर के महामंडलेश्वर गोविन्ददास महाराज, समिति के अध्यक्ष राजेश मारू, कोषाध्यक्ष नीलम बैद, साथ ही मंदिर समिति से जुड़े, बलविंदर सिंह भाटिया (पिंकी) कमलेश सिमनकर से सौजन्य भेंट किया।

## 11 मिनट में 11 एक्सीडेंट, रोड निर्माण में जमकर लापरवाही



डोंगरगांव (दावा)। शहर में हो रहा है रोड निर्माण को लेकर ठेकेदार के द्वारा जमकर लापरवाही बढ़ती जा रही है वर्तमान में बारिश के चलते रोड में डली मिट्टी चिपचिपी होकर फिसलन में बदल गई है। वहीं इस क्षेत्र में बड़े बड़े गड्ढे भी हैं। जिन्हें व्यवस्थित नहीं किया जा रहा है।

शुक्रवार के शाम में प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि 11 मिनट में 11 सड़क दुर्घटनाएं लगातार हुई है। जिन्हे मौके पर उपस्थित लोगों ने उठाया और रोड में खड़े होकर धर्मेंद्र साहू राहगीरों की मदद करते हुए किनारे से जाने का रास्ता दिखा रहे थे। जगह-जगह ऊबड़-खाबड़ इस सड़क में आए दिन कई दुर्घटनाएं सामने आ रही है, लगातार हुई इस सड़क दुर्घटनाओं ने शहरवासियों को झकझोर कर रख दिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों राजकुमार, धर्मेंद्र साहू, रमेश साहू के द्वारा लगातार लोगों की मदद की कर रहे थे। इन दुर्घटनाओं के बाद एसडीएम मनोज कुमार मरकाम, तहसीलदार पीएल नाग सहित पूरा प्रशानिक अमला मौके पर पहुंच गया है, इस दौरान ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से व्यवस्था बनाई जा रही थी। इसी दौरान एक बाइक वाला अधिकारियों की मौजूदगी में गिर गया, जिसे जैसे-तैसे उठाकर रवाना किया गया।

इस सड़क दुर्घटना में हालांकि जो पीड़ित हैं उन्हें अधिक चोट नहीं आया, लेकिन उनके वाहन और कपड़े कीचड़ में खराब जरूर हो गए हैं। यदि ऐसी ही स्थिति रही तो किसी भी राहगीर की जान जा सकती है। सड़क निर्माण में हो रही देरी और लापरवाही के लेकर ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। घटना के बाद अधिकारियों की मौजूदगी में बेरिकेटिंग कर रोड को डायवर्ट किया गया है और जीरा गिट्टी से भरपाई कर व्यवस्था बनाने बोला गया है।

## राजनाथ और शाह दिलाएंगे भाजपा को जीत, राहुल-प्रियंका ने भी कसी कमर, आज से धुआंधार चुनावी प्रचार शुरू



रायपुर। बस्तर लोकसभा सीट को साधने भाजपा से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस से राहुल गांधी बस्तर में जनसभा को संबोधित करेंगे। राजनाथ सिंह दंतेवाड़ा में और राहुल गांधी जगदलपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे।

लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। इसके लिए भाजपा-कांग्रेस ने अपनी कमर कस ली है। लोकसभा सीटों पर अपनी पार्टी का दबदबा बनाने भाजपा से राजनाथ सिंह और अमित शाह और कांग्रेस से राहुल गांधी, कन्हैया कुमार और प्रियंका वाड्रा प्रदेश दौरे पर आ रहे है। कल बस्तर लोकसभा सीट को साधने भाजपा से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस से राहुल गांधी बस्तर में जनसभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने राहुल गांधी जगदलपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं भाजपा का वोट बैंक बढ़ाने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह दंतेवाड़ा में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

### कांग्रेस से प्रियंका और बीजेपी से अमित शाह का मास्टर प्लान तैयार

राजनाथ सिंह और राहुल गांधी के दौरे के बाद कांग्रेस से प्रियंका वाड्रा और भाजपा से अमित शाह छत्तीसग? दौरे पर रहेंगे। अमित शाह का प्रदेश दौरा भाजपा पार्टी के लिए अहम माना जा रहा है। जनसभा को संबोधित करने के साथ ही अमित शाह भाजपा के प्रदेश कार्यकर्ताओं और दिग्गजों की लोकसभा चुनाव को लेकर अहम बैठक भी ले सकते है। इस दौरान वे बीजेपी कार्यकर्ताओं को चुनावी जीत का मंत्र देंगे। इधर कांग्रेस का वोट बैंक भरने प्रियंका वाड्रा राजनांदगाव लोकसभा सीट को साधने और कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में वोट मांगने राजनांदगाव दौरे पर रहेंगी।

## गिरीश देवांगन कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्त



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 6 से कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल ने राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रहे गिरीश देवांगन को अपना निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्त किया है। इस आशय का परिचय पत्र रिटर्निंग आफिसर ने जारी कर दिया है। गिरीश देवांगन लोकसभा निर्वाचन के दौरान भूपेश बघेल की ओर निर्वाचन कार्यो का संपादन एवं निर्वहन करेंगे। गिरीश देवांगन संगठनात्मक एवं प्रशासनिक सहित निर्वाचन की बारीकियां से भली-भांति परिचित होते हुए अनेकों निर्वाचन को संपादन कराए हैं, उनके अनुभव एवं दक्षता को देखते हुए यह नियुक्ति की गई है।

## लौट आया मानसून ? अगले 48 घंटे तक जमकर होगी बारिश

राजनांदगांव (दावा)। मौसम के अचानक बदलने से तापमान में गिरावट आई है। दो दिन पहले लोगों को गर्मी से बचने के लिए पंखों और कूलर का सहारा लेना पड़ रहा था। लेकिन, गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट बदली। काली घटाओं के साथ रिमझिम बारिश होने लगी। ऐसा लग रहा था मानो बारिश का मौसम हो। मौसम में आई गिरावट के चलते बढ़ी ठंड से बचने लोग अलाव का सहारा लेते दिखे।

पिछले दो माह से मौसम में हो रहे फेरबदल ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। फसलों के नुकसान का खतरा बढ़ गया है। बता दें कि रविवार की रात अंचल में मौसम ने अचानक करवट बदली। अलसुबह से रिमझिम बारिश शुरू हुई। एकाएक बारिश होने से लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। ठीक इसी तरह गुरुवार की सुबह से मौसम खुशनुमा रहा। बादल में काली घटा छाई रही। सुबह हल्की बारिश हुई। दिनभर मौसम में ठंडकता रही। इधर अचानक मौसम बदलने से किसान चिंतित है। किसानों ने कहा कि फसल पूरी तरह चौपट होने जा रही है। मौसम बदलने से फसलों पर कीट प्रकोप बढ़ जाएगा। उत्पादन में कमी आएगी।

## कल खैरागढ़ में रहेंगे गृहमंत्री अमित शाह, संतोष पाडेय को जिताने लेंगे जनसभा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार जोरों पर है। बीजेपी और कांग्रेस के दिग्गज नेता लगातार प्रदेश में धुआंधार दौरा कर रहे हैं। चुनावी सभा लेकर जनता को साधने में लगे हैं।

इसी क्रम में बीजेपी से पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के बाद अब गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ आएंगे। वो 14अप्रैल को राजनांदगांव लोकसभा सीट के खैरागढ़ में चुनावी सभा लेंगे। बीजेपी लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में प्रचार प्रसार करेंगे। इसकी तैयारियां जोरों पर है। गृहमंत्री शाह की जनसभा के लिए तैयारी का जायजा लेने के लिए प्रदेश भाजपा के सीनियर नेता खैरागढ़ स्थित फतेह सिंह मैदान पहुंचे। वहां पहुंचकर सभा की तैयारियों का जायजा लिया लिया। कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश भी दिये।

क्लस्टर प्रभारी और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी,लोकसभा प्रभारी और पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने तैयारियों का जायजा लेने के साथ ही खैरागढ़ के नेताओं से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी कोमल जंघेल एवं विक्रांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू,विधानसभा सहसंयोजक खम्मन ताम्रकार,टी के चंदेल,विकेश गुप्ता,रामाधार रजक,शशांक ताम्रकार,भावेश बैद,मंजीत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित-पारूल जैन



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने जिले भर में जबरदस्त प्रचार अभियान छेड़ रखा हैं। पार्टी के मंडलों से लेकर शक्ति केंद्रों तक पूरे संसदीय क्षेत्र में बैठक लेकर प्रचार अभियान को गति प्रदान की जा रही हैं।

महतारी सम्मान कार्यक्रम के तहत सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सम्मानित करने का दौर शुरु हो गया है प्रत्येक मण्डल के आधा दर्जन स्थानों पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहें हैं जिसमें महिला वर्ग में भाजपा व उसके प्रत्याशी संतोष पांडे की लोकप्रियता निरंतर बढ़ती जा रही हैं। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री पारूल जैन ने बताया कि वास्तव में महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने का कार्य भाजपा ने ही किया हैं। लगातार छः दशकों तक सत्ता मे रहने के बाद भी कांग्रेस ने महिलाओं के विकास पर कभी ध्यान नहीं दिया उन्हे केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती रही जबकी भाजपा ने चाहे देश की हों, चाहे प्रदेश की हो, सत्ता संभालने के बाद महिलाओं के हितों के लिए मौलिक कार्य किए। महिलाओं के नाम पर राशन कार्ड बनाना भाजपा की ही देन हैं, जमीन, मकान, खेत, इत्यादि महिलाओं के नाम से खरीदने पर पंजीयन शुल्क में एक प्रतिशत की छूट भाजपा की उपलब्धि हैं।

पंचायत व नगरीय निकाय के चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया इतना ही नहीं बल्कि अब तो आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत दिये जाने का कानून भी मोदी सरकार ने पास कर दिया हैं। सेना सुरक्षाबलों में महिलाओं की भर्ती, गणतंत्र दिवस की परेड में महिला वाहिनी का मार्च पास्ट करना, थल सेना, वायु सेना व नौसेना में महिलाओं की भर्ती होना ऐसे अनेक ऐतिहासिक कार्य केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा किए गए हैं जिसकी बराबरी कांग्रेस के लोग कभी नहीं कर पाएंगे। भाजपा नेत्री पारूल जैन ने आगे कहा की पिछले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में महिलाओं को प्रतिमाह 500 रुपए दिये जाने की घोषणा की थी जिसे भूपेश बघेल की सरकार ने पूरा नहीं किया और कांग्रेस अब फिर से महिलाओं के वोट थोक में प्राप्त के लिए एक फर्जी फार्म भरवाने का घृणित षड्यन्त्र कर रही हैं जबकी भाजपा ने मोदी गारंटी के तहत महतारी वंदन योजना में महिलाओं को एक हजार हर महीने देने की घोषणा की थी सरकार बनने के 90 दिनों के भीतर ही उसे पूरा करके दिखा दिया। महिलाओं के लिए भाजपा ने जी भी वायदे किए हैं सभी को पूरा कर रही हैं।

जबकी कांग्रेस केवल घोषणए करती हैं और उसे कभी पूरा नहीं करती। अतएव लोकसभा के इस महत्वपूर्ण चुनाव में बहिने व माताएं झुठा वादा करके बरगलाने वाले तत्वों व उनके द्वारा भरवाए जा रहे फर्जी फार्म से सजग व सावधान रहें तथा अपना समर्थन भाजपा के कमल फूल छाप को प्रदान करें।






## आपका मतदान लोकतंत्र की जान, संदेश के साथ स्वीप अंतर्गत वॉक द सिटी कार्यक्रम का किया गया आयोजन

कदम दर कदम कारवां बढ़ता चला गया और राहों में सभी के दिलों में मतदान करने का एक जज्बा जगाते चला गया




**लोकतंत्र के उत्सव को मनाने के लिए उमंग एवं उल्लास के साथ चौक चौराहों, गली-मोहल्लों से होते हुए युवाओं, खिलाड़ियों एवं नागरिकों का निकला काफिला**

राजनांदगांव (दावा)। आपका मतदान लोकतंत्र की जान, इस संदेश के साथ स्वीप अंतर्गत वॉक द सिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकतंत्र के उत्सव को मनाने के लिए भारत माता की जय उद्घोष के साथ उमंग एवं उल्लास के साथ चौक चौराहों, गली-मोहल्लों से होते हुए युवाओं, खिलाडियों, अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिकों का काफिला निकला। वॉक द सिटी रैली सर्वेश्वर दास हायर सेकेंडरी विद्यालय राजनांदगांव से गांधी सभा गृह, गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन, जुनी हटरी, जयस्तंभ चौक, महावीर चौक से होते हुए पुनः सर्वेश्वर दास हायर सेकेंडरी विद्यालय राजनांदगांव में समाप्त हुई।

मतदाता जागरूकता के लिए कदम दर कदम कारवां बढ़ता चला गया और राहों में सभी के दिलों में मतदान करने का एक जज्बा जगाते चला गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए सघन अभियान चलाया गया है और जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में स्वीप अंतर्गत निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है, घर-घर अलख जगाएंगे के जज्बे के साथ हर घर तक मतदाताओं में जागरूकता लाने की दिशा में शिद्दत से कोशिश की जा रही है।

चुनाव का पर्व देश का गर्व, बढ़ाएं कदम दिखाएं वोट का दम, युवा हो तुम देश की शान जागो उठो करो मतदान, लोकतंत्र का यह आधार वोट न हो कोई बेकार, 18 वर्ष की उम्र कर ली पार मिला वोट का अब अधिकार, मतदान हमारा अधिकार है इससे बनती सरकार है, वोट है ताकत, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करें मतदान जैसे नारों के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, सहायक स्वीप नोडल श्रीमती रश्मि सिंह, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर, सहायक खेल अधिकारी श्रीमती उषा चटर्जी, रणविजय सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा, खिलाड़ी एवं नागरिक उपस्थित रहे।












स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com